5- MAY- BSP- PG-1_Layout 1 5/6/2024 12:58 AM Page 1

तापमान
अधिकतम 43.0 डिग्री
न्यूनतम 23.6 डिग्री

हरिभूमि
# बिलासपुर भूमि
बिलासपुर, सोमवार 6 मई 2024

बिल्हा | मस्तूरी | तखतपुर | मुंगेली | कोटा | लोरमी | सरगांव | पेंड्रा | रतनपुर | पथरिया


रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर 4 का आंधी से टूटा शेड आज तक नहीं बन पाया।

## खबर संक्षेप

### सीजी बोर्ड के नतीजे 9 या 10 मई को आएंगे

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल (माशिमं) कक्षा 10वीं और 12वीं का रिजल्ट 9 या 10 मई को घोषित कर सकता है। दोनों परीक्षाओं का रिजल्ट तैयार करने का काम लगभग पूरा हो चुका है। अब नतीजे घोषित होने का इंतजार है। दरअसल, माशिमं ने दोनों परीक्षाओं की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन समय पर पूरा कर लिया है। कोशिश है कि, रोके गए नतीजे के प्रकरणों की संख्या कम से कम हो। इसके अलावा टॉपर बच्चों के अंकों का पुनर्मिलान किया जा रहा है, जिससे किसी तरह की कोई दिक्कत न हो। नतीजे के साथ दोनों परीक्षाओं के टॉप-10 की सूची भी जारी किए जाएंगे।

### अग्निवीर भर्ती के लिए आवेदन 13 से

**बिलासपुर।** भारतीय नौसेना ने 02/2024 बैच के लिए अग्निवीर भर्ती का नोटिफिकेशन जारी कर दिया है। उम्मीदवार ऑफिशियल वेबसाइट पर जाकर आवेदन कर सकते हैं। इसके लिए मान्यता प्राप्त स्कूल शिक्षा बोर्ड से न्यूनतम 50% अंकों के साथ 10वीं पास होना चाहिए। चयन के लिए उम्मीदवारों को पहले लिखित एग्जाम, फिजिकल टेस्ट, मेडिकल टेस्ट से गुजरना होगा। इसके बाद डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन होगा। परीक्षा में प्रश्न पत्र कंप्यूटर आधारित होगा जिसमें कुल 100 प्रश्न होंगे। हर प्रश्न 01 अंक का होगा। प्रश्न पत्र में चार भाग अंग्रेजी, विज्ञान, गणित और सामान्य जागरूकता शामिल होंगे। परीक्षा की अवधि एक घंटा होगी।

# थम गया चुनावी शोर, कल वोटिंग

## 11 घंटे तक चलेगी वोटिंग, 21 लाख मतदाता करेंगे मतदान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

लोकसभा चुनाव के लिए बिलासपुर में 7 मई मंगलवार को मतदान होना है। इस बार वोटिंग सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक चलेगी। मतलब कि वोटरों को कुल 11 घंटे मिलेंगे अपना वोट डालने के लिए। ध्यान रहे कि विधानसभा चुनाव के लिए सुबह 8 से शाम 6 बजे तक का समय तय था। बिलासपुर लोकसभा की बात करें तो यहां कुल 21 लाख 2687 वोटर अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। इसके लिए कुल 2251 मतदान केन्द्र बनाए गए हैं। सबसे अधिक मस्तूरी क्षेत्र में 3 लाख 13 हजार से अधिक वोटर हैं। मतदान कराने के लिए 10 हजार कर्मचारी, अधिकारी और सुरक्षा बलों की ड्यूटी लगाई है। इसमें आईटीबीपी के 5, सीआरपीएफ के 6, एसएसबी के 2 और सीएएफ की 2 कंपनियां शामिल हैं। यह सभी कंपनियां सोमवार से मतदान केंद्रों में तैनात कर दी जाएंगी।

- सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक मतदाता डाल सकेंगे वोट

कलेक्टर और जिला निर्वाचन अधिकारी अवनीश शरण ने पत्रकार वार्ता में बताया कि सुरक्षा बलों के सशस्त्र जवानों को बिलासपुर लोकसभा क्षेत्र के 6 विधानसभा के संवेदनशील मतदान केंद्रों में तैनात किया जाएगा, ताकि कहीं भी अप्रिय स्थिति न बने। फिलहाल सभी जवानों को शहर के सिविल लाइन, तोरवा, सरकंडा, सकरी, चकरभाटा, कोनी स्थित स्ट्रांग रूम के साथ ही तखतपुर, कोटा, रतनपुर, सीपत, मल्हार, पचपेड़ी, बिल्हा और सरकारी भवनों में ठहराया गया है।



### मतदान केंद्रों में चाक चौबंद व्यवस्था

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अवनीश शरण ने बताया कि गर्मी के मद्देनजर सभी मतदान केन्द्रों में छाया-पानी का पर्याप्त इंतजाम, कक्ष में कूलर, पंखे की व्यवस्था की गई है। वहीं बुजुर्ग एवं दिव्यांग मतदाताओं को लाने ले जाने के लिए टोल फ्री नंबर 1950 जारी किया गया है। डॉयल करते ही उन्हें वाहन की घर पहुंच सेवा उपलब्ध हो जाएगी। उन्होंने बताया कि मतदान केन्द्रों पर जरूरी दवाओं के साथ मितानिन, सिम्स, जिला अस्पताल सहित सभी स्वास्थ्य केन्द्रों को अलर्ट मोड पर रखा गया है। कलेक्टर ने मतदान केन्द्रों पर यथासंभव वोटर्स को शरबत और शीतलपेय परोसने को भी कहा है। महिलाओं के लिए अलग टायलेट, पीने के लिए ठंडे पानी के मटके रखे गए हैं। बीच-बीच में मतदाताओं को ट्रे में ले जाकर पानी उपलब्ध कराने की व्यवस्था करने कहा गया। इन सब कामों के लिए लोगों को जिम्मेदारी सौंपकर नामजद ड्यूटी लगाई गई है।

### आज कोनी से रवाना होंगे मतदान कर्मी

जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि जिले के मतदान केंद्रों के लिए मतदान दलों को सामग्री वितरित करने के लिए 76 काउंटर बनाए गए हैं, जिनमें 300 कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। मतदान दलों को सामग्री वितरण का कार्य 6 मई सोमवार को कोनी स्थित शासकीय इंजीनियरिंग कॉलेज परिसर से सुबह 7 बजे से शुरू होगा। इसमें कोटा विधानसभा क्षेत्र के लिए 10 काउंटर, तखतपुर विधानसभा क्षेत्र के लिए 14, बिल्हा विधानसभा क्षेत्र के लिए 10, बिलासपुर विधानसभा क्षेत्र के लिए 12, बेलतरा विधानसभा क्षेत्र के लिए 13 और मस्तूरी विधानसभा क्षेत्र के लिए 17 काउंटर बनाए गए हैं।


रविवार की दोपहर ढोल ताशे के साथ चुनाव प्रचार किया जाता रहा।

#### फैक्ट फाइल

**बिलासपुर लोकसभा**

कुल मतदाता
21 लाख 2 हजार 687

पुरुष मतदाता
10 लाख 55 हजार 962

महिला मतदाता
10 लाख 46 हजार 626

कुल मतदान केन्द्र
2251

### दूसरे जिले के लोगों को छोड़ना होगा जिला

कलेक्टर ने बताया कि दूसरे जिलों के लोगों को मतदान के 48 घंटे के पूर्व जिला छोड़ देने के निर्देश भी दिए गए हैं। केवल प्रत्याशी और उनके चुनाव अभिकर्ता रह सकते हैं। इसके लिए अलग से चेतावनी भी जारी की गई है। उन्होंने बताया कि इमर्जेंसी में बिजली की बैक-अप व्यवस्था की गई है। मोबाईल चार्जिंग के लिए अलग से पाइंट निर्धारित किए गए हैं। दूरस्थ मतदान केन्द्रों के बीच एम्बुलेंस तैनात रहेगा। व्हील चेयर भी मतदान केन्द्र के प्रवेश द्वार पर उपलब्ध रहेगी।

### 337 संवेदनशील मतदान केंद्रों पर पैनी नजर

पत्रकार वार्ता में मौजूद एसपी रजनेश सिंह के मुताबिक 337 संवेदनशील मतदान केन्द्रों पर खास नजर रहेगी। सभी मतदान केन्द्रों पर सुरक्षा बल तैनात रहेंगे और 49 पेट्रोलिंग टीम भी गश्त करती रहेगी। उन्होंने बताया कि शांतिपूर्ण निर्वाचन के लिए 4 हजार से ज्यादा लोगों के खिलाफ प्रतिबंधात्मक कार्रवाई, 56 अवैध हथियारों की जब्ती और 7 लोगों को जिला बदर किया गया है।

### एक माह में दूसरी बार फेल हुआ पॉवर ग्रिड

## 132 केवी के 5 सबस्टेशन ठप 1 घंटे शहर में बंद रही बिजली

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

कोरबा से जनरेशन की सप्लाई बंद होने के बाद शहर में करीब 1 घंटे तक बिजली बंद रही, अचानक पॉवर ग्रिड 220 केवी की सप्लाई बंद होने से शहर के 4 बड़े सबस्टेशन में सप्लाई ठप हो गई। इस दौरान शहर के साथ ही आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली बंद रही, अधिकारियों के अनुसार पौन घंटे में सप्लाई नार्मल कर दी गई थी, लेकिन हकीकत में अलग-अलग फीडर से सप्लाई पूरी तरह से नार्मल करने में समय लगा। वहीं पारा 43 डिग्री के करीब होने के कारण उपभोक्ताओं का हाल बेहाल रहा।

- अप्रैल में भी 5 तारीख को आई थी खराबी

एक माह के भीतर यह दूसरी बार है जब कोरबा पॉवर ग्रिड से सप्लाई अचानक बंद हो गई। रविवार को दोपहर 12.10 मिनट पर कोरबा से सप्लाई बंद हो गई, इससे 132 केवी के 4 सबस्टेशन बंद हो गए, 132 केवी के बड़े सबस्टेशन बंद होने कारण शहर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में सप्लाई नहीं हो सकी। इस दौरान शहर के 132 केवी के 4 सबस्टेशन तिफरा, मोपका, बिरकोना और सिलपहरी में सप्लाई करीब 1 घंटे तक बंद रही। अचानक एक साथ सबस्टेशन बंद होने के बाद शहरीय उपभोक्ताओं को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ा, रविवार होने के कारण लोगों के रोजमर्रा के काम प्रभावित हुए। वहीं बिजली अधिकारियों को फोन पर इसकी जानकारी मिलने के बाद सप्लाई नार्मल करने में करीब 45 मिनट का समय लग गया, हालांकि पॉवर ग्रिड से लगातार बिजली बंद कारण बिजली अधिकारियों को नहीं मालूम है। दोपहर 12 के बाद बिजली बंद से उपभोक्ताओं का हाल बेहाल हो गया। 43 डिग्री तापमान में बिजली की कमी उपभोक्ताओं को खलती रही।



### मेंटनेंस पर उठ रहे सवाल

बेतहाशा गर्मी का आलम यह है कि घरों में कूलर और एसी चलने लगे हैं, अचानक मौसम में 43 डिग्री का पारा पार कर दिया है, वही उमस भी बेहाल कर रही है, ऐसे में विद्युत उपयोगिता सूचकांक लगातार बढ़ रहा है, मई के शुरूआती हफ्ते में ही 45 फीसदी लोड बढ़ चुका है, वहीं लोड सिडिंग होने के कारण भी बिजली लोड में इजाफा हो चुका है। सबस्टेशन में लगातार ट्रीपिंग की समस्या भी आ रही है।

### 45 मिनट के बाद नार्मल की गई सप्लाई

पॉवर जनरेशन कोरबा से सप्लाई बंद थी, बंद का कारण फिलहाल नहीं पता लगाया जा सका है, लेकिन यह सामान्य प्रक्रिया है। 45 मिनट के बाद सभी सबस्टेशनों में सप्लाई चालू कर दी गई थी। 132 केवी के 4 सबस्टेशनों बंद थे, लेकिन पथरिया से सप्लाई आने के कारण तिफरा सबस्टेशन में ज्यादा समस्या नहीं थी।

\- **जी कनेर,** एसई, सबस्टेशन विद्युत विभाग

### आनलाइन ट्रेडिंग में कमाई करने का दिया लालच

## रकम दोगुनी करने का झांसा 1 करोड़ 17 लाख की ठगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

आनलाइन ट्रेडिंग में रकम दोगुना करने का झांसा देकर 20 लोगों से 1 करोड़ 17 लाख रुपए की ठगी कर ली गई है। शिकायत पर पुलिस अपराध कायम कर मामले की जांच कर रही है।

सिविल लाइन पुलिस के अनुसार, टिकरापारा मन्नू चौक गैलेक्सी एनक्लेव निवासी युवराज कुमार साहू पिता लोकनाथ साहू 51 साल ने शिकायत करने हुए बताया कि एक साल पहले उनका परिचय बापजी रेसीडेंसी शुभम विहार निवासी संतोष कुमार सिंह से हुआ था। उसने आनलाइन ट्रेडिंग के माध्यम से रकम दोगुनी करने की लालच दिया। उसकी बातों से लालच में आकर श्री साहू ने दोगुनी रकम करने के लिए उसे 4 लाख रुपए दे दिए। इसके बदले में उसने एक लाख पर दो साल तक 8 हजार 333 रुपए हर महीने देने का आश्वासन दिया था। दो माह तक उसने चार लाख रुपए के मुनाफे का पैसा दिया। इसके बाद उसने पैसा देना बंद कर दिया। श्री साहू जब उसके घर जाते दरवाजे में ताला लटका मिल रहा था। आसपास के लोगों से श्री साहू को पता चला आरोपी संतोष कुमार सिंह ने हेलन कुमार साहू, गजानंद साहू, लक्ष्मणदास मानिकपुरी, स्मिता सोनी, विनोद कुमार, आशीष कुमार सोनी, एम रामाराव, जितेंद्र बाई जलतारे, खेमिन बंजारे, मथिरराम साहू, सोनी कुंजाम, संतोष कुमार सूर्यवंशी, उषा साहू, ईशू साहू, पद्मावती, चितरंजन कुमार मिश्रा, संजीव कुमार बिरजे, अखिल दास, मनहरण साहू से लगभग 1 करोड़ 17 लाख रुपए ठगी कर भाग गया है। पुलिस ने श्री साहू की रिपोर्ट पर संतोष कुमार सिंह के खिलाफ धारा 420 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।




### गोल बाजार में हुई वारदात

## बेटे की दुर्घटना होने का झांसा देकर महिला से जेवर की ठगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

बेटे की दुर्घटना का झांसा देकर एक महिला से जेवर व नकद रकम की ठगी कर ली गई है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

कोतवाली पुलिस के अनुसार, सरकण्डा नूतन चौक राम निकेतन निवासी अंजना खरे शनिवार की शाम गोलबाजार में खरीददारी करने आई थी। अमरनाथ की दुकान में सामान खरीदने के बाद पैदल घर जा रही थी। इसी दौरान एक व्यक्ति उनके पास आया और कहने लगा आपके बेटे की दुर्घटना होने वाली है। श्रीमती खरे उसकी बातों को नजर अंदाज करते हुए गोलबाजार हनुमान मंदिर की ओर जाने लगी। उक्त व्यक्ति उनके पीछे लग गया। उसने श्रीमती खरे को अपने पहने हुए जेवर को पर्स में रख लेने को कहा। श्रीमती खरे उनकी बातों में आकर सोने का मंगलसूत्र, चुड़िया, टाप्स निकालकर पर्स में रख लिया। इस बीच एक अन्य व्यक्ति आया और उनसे पर्स लेकर कहा मुठ्ठी बंद कर 10 कदम आगे चलने से माता के दर्शन होगा, पीछे मुड़कर मत देखना। इससे बेटे पर आने वाली विपत्ति दूर हो जाएगी। उसकी बातों में आकर श्रीमती खरे आंख बंदकर 10 कदम आगे गईं। पीछे पलट कर देखीं तो दोनों व्यक्ति पर्स लेकर रफूचक्कर हो गए थे। पर्स में जेवर के अलावा, मोबाइल 1800 रुपए नकद, एक कुर्ती थी। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर अज्ञात के खिलाफ धारा 420, 34 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

### आचार संहिता लगने के बाद 20 एजेंसियों की कार्रवाई जारी

# जिले में अब तक 7 करोड़ के सामानों की जब्ती

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

लोकसभा चुनाव-2024 की आचार संहिता लगने के बाद छत्तीसगढ़ में अब तक 119.70 करोड़ कैश, शराब, ड्रग्स और सामग्री जब्त की जा चुकी है। हवाला कारोबारी, शराब तस्कर, नशे के कारोबारियों और हेरा-फेरी करने वाले लोगों पर 20 एजेंसियों की कार्रवाई जारी है। बिलासपुर की बात करें तो अभी तक 7 करोड़ के सामानों की जब्ती की गई है, जिससे लोकसभा चुनाव में प्रलोभन का इस्तेमाल न हो। निर्वाचन आयोग के अधिकारियों के अनुसार, आचार संहिता से पहले और बाद में सबसे ज्यादा रायपुर में कैश, ड्रग्स और शराब में जब्त की गई है। वहीं, जब्ती के मामले में दूसरे नंबर पर दुर्ग, तीसरे नंबर पर बिलासपुर, चौथे नंबर पर महासमुंद और पांचवे नंबर पर राजनांदगांव है। एजेंसियों ने वैध दस्तावेज दिखाने पर 1.54 करोड़ की नगदी-सामान रिलीज किया।

- शराब, कैश के साथ मादक पदार्थ भी शामिल
- 74 लाख रुपए के सामान की भी जब्ती की गई

राज्य में लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए आदर्श आचार संहिता प्रभावशील होने के बाद से अब तक बिलासपुर में 7 करोड़ रुपए से अधिक की अवैध धनराशि और वस्तुएं जब्त की गई है। जिला निर्वाचन अधिकारी अवनीश शरण ने बताया कि लोकसभा आम निर्वाचन के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए आवश्यक निर्देश जारी किए गए। इसमें 18 लाख रुपए का 8 हजार लीटर शराब, 28 लाख रुपए के मादक पदार्थ, 74 लाख रुपए के मुफ्त में बांटे जाने वाले सामान और सवा पांच करोड़ के दूसरे सामान शामिल हैं।

### अवैध शराब पर कार्रवाई, 186 को भेजा गया जेल

जिले में शांतिपूर्ण चुनाव कराने शराब के अवैध कारोबार से जुड़े लोगों पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। जिले में आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद से अब तक 8 हजार लीटर शराब जब्त की गई है। आबकारी एक्ट के तहत 186 लोगों को जेल भेजा गया है। पुलिस ने 59 लोगों के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की है। इस दौरान पांच लोगों से बंदूकें जब्त की गईं। इसके साथ ही पुलिस ने 44 लोगों को तड़ीपार करने प्रस्ताव तैयार किया है। इसमें अब तक सात लोगों को तड़ीपार किया गया है।

### हर विधानसभा क्षेत्र के लिए 3-3 टीमें लगाई गईं

लोकसभा चुनाव की तैयारियों के साथ पुलिस-प्रशासन मुस्तैद रहा है। आचार संहिता का पालन कराने के लिए जिले में 10 हजार अधिकारियों-कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। इस दौरान संपत्ति विरूपण कार्रवाई पर नजर रखने के लिए 26 नोडल अधिकारियों को जिम्मेदारियां दी गई हैं। चुनाव को प्रभावित करने वाली गैर जरूरी गतिविधियों जैसे नगद और सामग्री वितरण कार्य की रोकथाम के लिए उड़नदस्ता टीमें सक्रिय हैं। हर विधानसभा क्षेत्र के लिए 3-3 टीमें लगाई गई हैं। 8-8 घंटे की बारी से टीम चौबीस घंटे लगातार सतर्क हैं।

### शराब परिवहन और बिक्री करने वालों पर कार्रवाई

चुनावी शोर थमने के साथ ही अगले 48 घंटे जिला प्रशासन और पुलिस के लिए महत्वपूर्ण है। पुलिस का शराब और कैश पर ज्यादा फोकस है। शराब परिवहन और बिक्री करने वालों पर लगातार जांच और कार्रवाई की जा रही है। अधिकारियों के अनुसार लोकसभा चुनाव में प्रत्याशियों या उनके लोगों द्वारा मतदाताओं को लुभाने के लिए कैश, शराब आदि बांटना आसान नहीं होगा। चुनाव आयोग ऐसे कृत्यों पर कड़ी नजर रखेगा। लोकसभा चुनाव में पहली बार इलेक्शन सीजर मैनेजमेंट सिस्टम लागू किया गया है।



## खबर संक्षेप

### मानस महिला मंडल के ग्यारह दिवसीय भजन संध्या का समापन



**बिलासपुर।** मानस महिला मंडल नेहरू-नगर की महिलाओं द्वारा हनुमान जयंती के दिन से मानस भवन में आयोजित 11 दिवसीय भजन संध्या समापन हो गया। मानस महिला मंडल की अध्यक्ष वसंती वर्मा ने बताया कि मानस महिला मंडल नेहरू नगर द्वारा आयोजित 11 दिवसीय भजन संध्या में बड़ी संख्या में भक्तों ने भाग लेकर रामभक्त हनुमान को भजन हर्षोल्लास के प्रस्तुत किया गया। भगवान शंकर के अभिषेक के साथ प्रसाद वितरण कर समापन किया गया। इसमें बड़ी संख्या में नेहरू-नगर की महिलाओं व बच्चों ने भाग लिया।

### मुस्लिम मनिहार जमात ने मतदान के लिए किया लोगों को जागरुक



**बिलासपुर।** मुस्लिम मनिहार जमात ने 7 मई को होने वाले आगामी लोकसभा चुनाव में लोकतंत्र की रक्षा व देश के विकास के लिए लोगों को आगे आकर शतप्रतिशत मतदान करने के लिए अभियान चलाया। समाज के अध्यक्ष ने कहा कि लोकतंत्र की रक्षा के लिए अपनी भागीदारी निभाए। सभी मतदाताओं से आवश्यक दस्तावेज व पहचान पत्र दिखाकर मतदान अवश्य करें। इस अभियान में उनके साथ सलीम अहमद शेख, जुबैर, शकाल, हाजी मोहम्मद सलीम हाजी मोहम्मद अय्यूब, हाजी अनवर अमीन, मो. सिराज, मो. अल्ताफ, मो. नफीस, मो. सगीर, मो. वकील, हाजी जलील अहमद, अब्दुल रज्जाक, मो. रफीक, मो. शेख, जाकिर हुसैन, कदीर अहमद अनीस अहमद, मो. युनूस आदि ने जागरुकता अभियान चलाकर लोगों को मतदान करने का प्रेरित किया।

### लोकसभा चुनाव के लिए 3 दिनों तक अधिग्रहित रहेंगी 594 गाड़ियां



**बिलासपुर।** लोकसभा चुनाव में मतदान दलों को मतदान केंद्रों तक ले जाने व लाने के लिए परिवहन विभाग ने 594 से ज्यादा गाड़ियों की व्यवस्था की है। इनमें सबसे ज्यादा 325 बसों की संख्या है, साथ ही स्कूल और आम यात्री बसें शामिल हैं। करीब 269 चार पहिया वाहनों को भी मतदान के कार्यक्रम में लगाया गया है। इन सभी गाड़ियों को शहर के अलग-अलग जगह से मतदान सामग्री वितरण परिसर इंजीनियरिंग कालेज व अटल यूनिवर्सिटी कालेज में खड़े किया जा रहा है। परिवहन विभाग ने मतदान दलों के अलावा अतिरिक्त बसों का भी अधिग्रहण किया है। इन बसों का अधिग्रहण आपातकालीन व्यवस्था के लिए किया गया है ताकि जरूरत पड़ने पर इन बसों का उपयोग किया जा सके। इसके अलावा सूमो बोलेरो इनोवा की अतिरिक्त व्यवस्था की गई है। लोकसभा चुनाव के लिए 7 मई को मतदान होगा। जिला प्रशासन ने मतदान दलों को चुनाव सामग्री के साथ मतदान केंद्रों के लिए रवाना करने के लिए सांइस कालेज मैदान में चुनाव सामग्री वितरण की व्यवस्था की है। इसके तहत 6 मई को दोनों जगहों से मतदान दलों को बसों में सवार करके रवाना किया जाएगा।

### गुलजार नहीं हो पाया ओवरब्रिज के नीचे का प्ले ग्राउंड



**बिलासपुर।** मेट्रो सिटी के तर्ज पर नगर निगम ने उस्लापुर ओवरब्रिज के नीचे बैडमेंटन कोर्ट और खेल ग्राउंड का निर्माण कराया है। लेकिन सालभर बीत जाने के बाद भी अब तक ये गुलजार नहीं हो सका है। अब यहां नशेड़ियों और ठेला गुमटी वालों का कब्जा हो गया है। प्ले ग्राउंड को सुंदर और आकर्षित दिखाने के लिए जो पेंटिंग बनाई गई थी। वो भी धूप, धूल और बारिश के चलते खराब होने लगी है।

### यात्रियों की सुविधा के लिए 10 स्टेशनों में खोला गया प्याऊ

**बिलासपुर।** भीषण गर्मी के मद्देनजर बिलासपुर मण्डल रेल प्रशासन द्वारा यात्रियों को स्वच्छ व शीतल पेयजल उपलब्ध कराने के लिए पर्याप्त मात्रा में वाटर कूलर व वाटर नल की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। यात्रा के दौरान स्टेशन में यात्रियों को पानी के लिए परेशान न होना पड़े इसका विशेष ध्यान रखा जा रहा है। इसके अलावा समाज सेवी संगठनों भी यात्रियों की प्यास बुझाने में अपना सक्रिय योगदान दे रहे हैं। इन संस्थाओं द्वारा स्टेशन पर यात्रियों को शीतल जल उपलब्ध कराकर पेयजल की अतिरिक्त आवश्यकता की पूर्ति की जा रही है। मंडल के 10 स्टेशनों में समाज सेवी संगठनों द्वारा प्याऊ खोले गए हैं।

लोकसभा चुनाव की बढ़ी रही सरगर्मी, चलता रहा चुनाव प्रचार

# दिन में बजते रहे ढोल ताशे, निकलती रही रैलियां फिर शुरू हुआ घर-घर संपर्क, मांगा समर्थन

**बिलासपुर।** लोकसभा चुनाव के अंतिम दौर में रविवार को चुनावी सरगर्मी काफी तेज हो गई। सुबह से शाम तक तेज धूप और गर्मी में भी भाजपा और कांग्रेस के कार्यकर्ता गली मोहल्लों, गांवों में बाजे गाजे के साथ रैलियां निकालकर मतदाताओं को रिझाने का प्रयास करते रहे। इस दौरान अनेक स्थानों पर छोटी छोटी सभाएं भी होती रहीं। वहीं शाम पांच बजे के बाद चुनावी शोर थम गया और मतदाताओं के घरों तक जाकर भेंट मुलाकात करने का सिलसिला शुरू हो गया। देर रात तक शहरी और ग्रामीण इलाकों में कार्यकर्ता मतदाताओं से मुलाकात करते रहे।

## कांग्रेस में लोकतंत्र नहीं, 70 साल से एक परिवार का कब्जाः सुशांत

अब जब चुनाव को महज दो दिन ही शेष रह गए हैं, ऐसे में भाजपा ने विपक्ष पर अपने हमले और तेज कर दिया है। भाजपा विपक्ष द्वारा लगाए गए आरोपों को सधे अंदाज में काउंटर कर उन्हें घेरने के काम में लग गई है। रविवार को भाजपा में बेलतरा विधानसभा से विधायक सुशांत शुक्ला ने कांग्रेस पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि जिनकी पार्टी के भीतर ही लोकतंत्र नाम के शब्द नहीं हैं। आज वो लोकतंत्र की दुहाई देने का नाटक कर रहे हैं। जिस पार्टी के भीतर गत 70 साल से एक ही परिवार का कब्जा है, जिस पार्टी ने वर्षों तक एक ही परिवार से अध्यक्ष और प्रधानमंत्री बनाने का रिकार्ड अपने नाम पर दर्ज कर रखा हो, वे अपनी संभावित हार देख कर घड़ियाली आंसू बहा रहे हैं। विधायक सुशांत ने कहा कि कांग्रेस में एक ही परिवार की चरण वंदन करने की परंपरा है। देश की जनता अभी भूली नहीं है कि कांग्रेस के भीतर गांधी परिवार के एक छत्र हुकूमत को चुनौती देने वालों का क्या हाल किया गया।



- इमरजेंसी में जेल में ठूंसे गए थे लोग
- कांग्रेस करती रही सत्ता का दुरूपयोग

सोनिया गांधी के इशारों पर पूर्व प्रधानमंत्री स्व. नरसिम्हा राव के पार्थिव शरीर के लिए कांग्रेस मुख्यालय के दरवाजे बंद कर दिए गए थे। पिछड़ा वर्ग से ताल्लुक रखने वाले बड़े नेता और कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष स्व. सीताराम केसरी को एक परिवार विशेष के ताजपोशी के लिए अपमानित और बेइज्जत किया गया। ये घटनाएं आज भी लोगों के मनोमस्तिष्क में अंकित है।

### कांग्रेस ने देश में लगाई थी इमरजेंसी

श्री शुक्ला ने कहा कि संविधान और लोकतंत्र की झूठी वकालत करने वाली कांग्रेस ही थी जिसने भारत की संविधान की मर्यादाओं को अपने पैरो तले रौंदते हुए सन 1975 में पूरे देश पर इमर्जेंसी थोप कर विपक्ष के सभी नेताओं की गैर कानूनी गिरफ्तारियां कराई। मीडिया संस्थानों को प्रतिबंधित कर दिया गया। जबरदस्ती जेल में ठूंस दिए गए। यहां तक की जनसंख्या नियंत्रण के झूठे आंकड़े पूरा करने छोटे छोटे बच्चों की भी नसबंदी कर दी गई। कांग्रेस सरकार ने अपने 60 साल के कार्यकाल में सत्ता का दुरुपयोग करते हुए देश के विभिन्न राज्यों में लोकतांत्रिक तरीके से चुनी गई। विपक्ष की राज्य सरकारों को बर्खास्त किया। वही कांग्रेस आज पूरे देश में अपनी लुटिया को डूबता देख संविधान और लोकतंत्र को खतरे में बता रही हैं। विधायक सुशांत ने कहा कि संविधान के प्रावधानों में 80 बार से अधिक छेड़छाड़ करने वाली कांग्रेस का अस्तित्व ही आज खतरे में है और इसीलिए वह लोगो के बीच भ्रम फैला रही है। पर देश की जनता जाग चुकी है। 2024 के इस लोकसभा चुनाव में कांग्रेस इस बार दहाई का भी आंकड़ा पार करने वाली नहीं है।

## देवेन्द्र ने अचानकमार, छपरवा बिंदावल में की जनसभा



बिलासपुर लोकसभा से कांग्रेस प्रत्याशी देवेंद्र यादव ने लोरमी विधानसभा क्षेत्र के अचानकमार, छपरवा में जनसंपर्क कर जनता से समर्थन और आशीर्वाद मांगा। उन्होंने बिंदावल की जनसभा में कहा कि भाजपा के लोग आदिवासी समाज के लोगों की हक और अधिकार की बात नहीं करते। कांग्रेस की सरकार ही गांव गरीब और आदिवासियों के विकास के लिए काम किया है। आदिवासी भाइयों को भू अधिकार पट्टा देने का काम किया। कांग्रेस की सरकार ने वनोपज का समर्थन मूल्य दिया, लेकिन मोदी सरकार ने आदिवासियों के हित में कोई काम नहीं किया। उन्होंने कहा कि जब से केंद्र में भाजपा की सरकार आई, तब से महंगाई, बेरोजगारी, आर्थिक असमानता बढ़ती जा रही है। 72 रुपए के पेट्रोल 10 साल में 102 रुपए प्रति लीटर हो गया। 2014 में 472 रुपए में मिलने वाला गैस सिलेंडर 1000 रुपए हो गया। 40 से 50 रुपए में मिलने वाली दाल आज 120 से 150 रुपया प्रति किलो हो गया है। लहसुन ने तो रिकॉर्ड बना दिया था। 400 से अधिक कीमत हो गई थी। किसी भी वस्तु में सरकार का नियंत्रण नहीं है। सभा में रामजी ध्रुव, सूरज कोल, सरपंच रामावतार जायसवाल, कृष्णा यादव मनहरण यादव, चैतराम यादव, योगेंद्र यादव अघ्घन सिंह मरावी, शिव बहोर सिंह, सतीश बैगा, सुरेश कोल, राम भरोसा, छोटू ध्रुव, भुवनेश्वर ध्रुव, संतोष कॉल, सुरेश कॉल, दयाराम ध्रुव, जवाहर खुसरो, लखन यादव, चंदू ध्रुव, तितरू मरावी, रामभरोसा, सुकुमार यादव आदि मौजूद थे।

### कांग्रेस देगी हर साल 1 लाख रुपए

कांग्रेस प्रत्याशी श्री यादव ने कहा कि केंद्र में कांग्रेस की सरकार बनती है तो सेना में पहले की तरह भर्ती की जाएगी। महिलाओं को हर साल 1 लाख रुपए देने की योजना है। मनरेगा की मजदूरी को बढ़ोत्तरी कर 400 रुपए किया जाएगा।

## हमर राज पार्टी के प्रत्याशी सुदीप को मिल रहा समर्थन



हमर राज पार्टी के प्रत्याशी सुदीप श्रीवास्तव ने बिलासपुर लोकसभा के क्षेत्र के गांवों में चुनाव प्रचार किया। इस दौरान भारी संख्या में ग्रामीणों ने उन्हें अपना समर्थन दिया। प्रत्याशी श्री श्रीवास्तव जो कि पेशे से वकील हैं, इसलिए लोग उनसे खुलकर बात कर रहे हैं। जन समस्याओं से जूझ रहे लोग खुद बखुद उनसे जुड़ रहे हैं। हाट बाजार में लोगों से मेल मुलाकात और चौपाल लगाकर ग्रामीणों से सीधा संवाद के कारण उनकी लोकप्रियता बढ़ रही है। श्री श्रीवास्तव ने मतदाताओं से कहा कि इस बार केवल पार्टी को देखकर मतदान न करें, बल्कि प्रत्याशी के बारे में भी सोचें, क्योंकि वही आपके क्षेत्र के बारे में विकास के मुद्दे उठाता है, इसलिए उसका मजबूत और जानकार होना जरूरी है। सकरी, गनियारी, तखतपुर, जरहा गांव, मुंगेली, कंटेली, लोरमी, कोटा, रतनपुर और रास्ते के गांव में जनसंपर्क किया। श्री श्रीवास्तव के साथ आशुतोष शर्मा, पवन पांडेय, केसव गोरख, राघवेंद्र सिंह, शैलेश शर्मा, रघुराज सिंह, मनोज श्रीवास, सुदीप वर्मा, बबलू पूरी, अनूप तिवारी, निर्मल चंद्रा, प्रशांत पांडेय, विल्सन साइमन, हितेश चंद्रा, कबीर भास्कर, ऋषभ रायचंद, विवेक गोयल, शायमु चंद्रा आदि मौजूद थे।

### कार्यकर्ताओं की बैठक हर गांव में हुई

श्री श्रीवास्तव हमर राज पार्टी से लोकसभा चुनाव लड़ रहे हैं। स्थानीय पार्टी होने के नाते उन्हें स्थानीय लोगों का भरपूर समर्थन मिल रहा है। गांव-गांव में पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा लगातार जनसंपर्क कर हमर राज पार्टी को वोट देने की अपील की जा रही है। आज जनसंपर्क के दौरान जीवराखान मराई प्रदेश प्रभारी, प्रेम सागर मरकाम, फैकल सिंह मरावी, शिवचरण के श्याम, राजेंद्र मरकाम, अमृतलाल मरावी, लक्ष्मण मरावी, तुलसी जगत, शिवचरण सिद्धार्थ, घनश्याम सिंह सिदार, जयपाल संत, वृंदावन पनारिया, नरेंद्र सिंह गौड़, होरीलाल सोनवानी, लालचंद सोनवानी, डॉक्टर श्री ध्रुव, टीकम सिंह मरकाम, नरसिंह जगत आदि शामिल हुए।

## पानी की बढ़ी डिमांड बिक रहा लोकल ब्रांड

- स्टेशन प्लेटफार्म में लगे नलों से आ रहा गर्म पानी
- रेल मंत्रालय के नियम की अनदेखी



**बिलासपुर।** जैसे-जैसे गर्मी तेज होती जा रही है ट्रेनों और स्टेशनों में पानी की डिमांड भी बढ़ती जा रही है। पिछले महीने तक बिलासपुर रेल नीर के प्लांट से 4 हजार कॉटन पैकेट की सप्लाई हो रही थी। लेकिन अभी गर्मी बढ़ने के बाद 6 हजार कॉटन पैकेट रेल नीर की सप्लाई हो रही है। बावजूद इसके मेल-एक्सप्रेस से लेकर लंबी दूरी की सुपरफास्ट ट्रेनों में रेल नीर की बजाए इन ट्रेनों में लोकल ब्रांड का पानी खपाया जा रहा है।

आलम यह है कि 6 रुपए का लोकल पानी ट्रेन में तय कीमत से 5 रुपए और महंगा 20 रुपए पर बेचा जा रहा है। यात्रियों को 15 रुपए में मानक स्तर का बोतल बंद पानी मिले, इसके लिए रेल मंत्रालय ने लंबी दूरी की तमाम ट्रेनों में रेल नीर की उपलब्धता को अनिवार्य किया है। रेल मंत्रालय के इस नियम की जोन में अनदेखी हो रही है, कैटरिंग से जुड़े रेल अफसर और प्रोवाइडर लोकल ब्रांड का पानी खपा रहे हैं।

### ट्रेन में लोकल ब्रांड पीने की मजबूरी

चलती ट्रेन में यात्रियों की मजबूरी होती है कि वे वेंडर द्वारा दिए जा रहे पानी को ही खरीदें। हकीकत जानने के लिए शनिवार को बिलासपुर-अमृतसर छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस की स्थिति का जायजा लिया गया। ट्रेन की पेंट्रीकार में लोकल ब्रांड की 25 से 30 पेटी पानी चढ़ाई गई। वेंडरों ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि पेंट्री वाले रेल नीर कम देता है। सफर के दौरान यात्री रेल नीर या दूसरे मिनरल वाटर वाले ब्रांड की डिमांड करते हैं। कोई और ब्रांड तो रहता नहीं, लिहाजा यात्री यही पानी खरीदते हैं। छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस की तरह जोन की 46 मेल-एक्सप्रेस और सुपरफास्ट ट्रेनें हैं, जिनमें से 25 फीसदी ट्रेनों में पेंट्रीकार हैं। सभी में हालत यही है।

### स्टेशन के वाटर कूलर में गर्म पानी

बिलासपुर, रायपुर मंडल के स्टेशनों जैसे बिलासपुर, रायगढ़, रायपुर, भाटपारा, दुर्ग, राजनांदगांव, तिल्दा जैसे स्टेशनों पर लगे वाटर कूलर्स और नलों में जो पानी निकल रहा वो भी गर्म है। ऐसे में लंबी दूरी के ट्रेनों में सफर करने वाले स्टेशन से निकलने वाले गर्म पानी के बजाए बोतल की पानी लेना ही पसंद करने है। क्योकि वो ठंडा रहता है। ऐसे में वेंडर लोकल ब्रांड के पानी को ही ठंडा रखते जिसके चलते इसकी अधिक खपत हो रही है।

### ट्रेनों में पानी की खपत हो गई है दोगुनी

रायपुर और बिलासपुर से रोजाना 90-95 ट्रेनें गुजरती हैं। इन ट्रेनों में पानी की डिमांड बढ़ गई है। पहले जिन ट्रेनों में 50 बोतल पानी की सप्लाई होती थी अब उस गाड़ी में 120 बोतल की सप्लाई हो रही है। जनशताब्दी एक्सप्रेस में पहले 50 बोतल पानी की सप्लाई होती थी, लेकिन अब 100 बॉटल की डिमांड आ रही है। इधर रेल नीर बेचने पर कैटरिंग स्टॉल तथा यूनिट्स को ज्यादा फायदा नहीं होता है।

## मोदी सरकार के 10 साल अन्याय के : उपाध्याय

**बिलासपुर।** कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता डा अजय उपाध्याय ने शनिवार को पत्रकारवार्ता में कहा कि मोदी सरकार का 10 साल अन्याय काल रहा है। आज से ठीक एक माह बाद देश को नई आजादी मिलने वाली है। मोदी सरकार में देश ठगा हुआ महसूस कर रहा है।

- भाजपा सरकार ने पूरे नहीं किए वादे

चुनाव के दो चरण पूरा होने के बाद सबसे ज्यादा जुमले फेंकने वाला छटपटा रहा है। झूठी गारंटी दी जा रही है। सवाल यही है कि पिछली गारंटी का क्या हुआ। राष्ट्रीय प्रवक्ता ने यह भी कहा कि छत्तीसगढ़ में साय सरकार नहीं बल्कि असहाय सरकार चल रही है। भाजपा ने 5 सौ में गैस सिलेंडर देने कहा था, महतारी वंदन योजना में लाखों महिलाओ का नाम क्यों नही है। डा. उपाध्याय ने पत्रकारों से कहा कि ठीक एक महीने बाद 4 जून को पिछले 10 साल के अन्याय से जनता को मुक्ति मिलेगी और नागरिक अधिकारों से युक्त कांग्रेस पार्टी के 25 गारंटियों से देशवाशियों को शक्ति मिलेगी। उन्होंने कहा कि पांच न्याय के संकल्पों के साथ प्रत्येक वर्ग को ताकत देने का काम हम करेंगे। उन्होंने कहा कि अब देश की जनता मोदीजी के झांसे में नहीं आने वाली। उनसे पूछ रही है आपकी पिछली गारंटियों का क्या हुआ। बुलेट ट्रेन का क्या हुआ, स्मार्ट सिटी किस ग्रह पर बनवाया, महंगाई से कब मिलेगी मुक्ति, रुपया डॉलर के मुक़ाबले क्यों गिरता जा रहा है, काला धन कितना वापिस आया, 20 करोड़ नौकरियों का क्या हुआ, किसानों की आय क्यों दोगुनी नहीं हुई। पत्रकार वार्ता के दौरान जिला कांग्रेस अध्यक्ष विजय केशरवानी,शहर कांग्रेस अध्यक्ष विजय पांडेय सहित कई उपस्थित थे।



पत्रकारों से चर्चा करते कांग्रेस नेता अजय उपाध्याय।

### जांच हुई तो घोटालों की लंबी फाइल निकलेगी

डा. उपाध्याय ने कहा कि साहेब के धन्नासेठ मित्रों के अवैध अर्जित लाखों-करोड़ों की संपत्तियों के जाने का भय स्पष्ट दिख रहा है। पूरे देश की सम्पति ओने-पौने दाम पर गिरवी रखी है। जब भी निष्पक्ष जांच होगी, मित्रों के घोटालों की एक लंबी फ़ेहरिस्त सामने आयेगी।

### महिला आईटीआई में रोजगार कोर्स में प्रवेश 11 तक

**बिलासपुर।** संस्थान प्रबंधन समिति शासकीय महिला आईटीआई कोनी द्वारा महिलाओं के उत्थान के लिए रोजगार एवं स्वरोजगारमुखी शुल्क आधारित 6 माह की लघु अवधि के विभिन्न प्रशिक्षण कोर्स में प्रवेश के लिए आवेदन आमंत्रित है। इच्छुक आवेदिका एकाउण्ट असिस्टेंट यूजिंग टेली विथ जीएसटी, जनरल ड्यूटी असिस्टेंट, ब्यूटी पार्लर, टेलर सिलाई मशीन एवं फैशन डिजाइनिंग का प्रशिक्षण लेने के लिए आवेदन कर सकती है। आवेदन करने की अंतिम तिथि 11 मई एवं बैच प्रशिक्षण प्रारंभ करने की तिथि 13 मई है। प्रवेश के लिए आवेदन फार्म एवं विस्तृत जानकारी के लिए संस्था कार्यालय में में संपर्क कर सकते हैं।

## नाली का पानी सड़क पर, बदबू से लोग परेशान

**बिलासपुर।** पुराना बस स्टैंड के आसपास की नाली में नियमित तौर पर सफाई नहीं की जा रही है। इस पर से नाली में होटल का बचा हुआ सड़ा-गला खाना और दूसरा सामान फेंका जा रहा है, जिसके चलते नालियां जाम हो गई है। अब पानी सड़क पर बहने लगा है। इसके चलते व्यवसायियों के अलावा रोज गुजरने वाले राहगीर भी नाली में गंदगी से उठने वाली बदबू से परेशान हैं।



पुराना बस स्टैंड से लेकर आसपास के क्षेत्र में सालभर पहले नाला बना है। नाला बनाने में लापरवाही बरती गई है, जिसके कारण पानी की निकासी सही ढंग से नहीं हो पा रही है। नाला और आसपास की नालियों में सफाई महीने में मुश्किल से एक या दो बार ही होती है। नाली में गंदगी की सफाई नहीं होने से भयंकर बदबू उठती रहती है। अब नालियों के जाम होने से पानी सड़क में बहना शुरू हो गया है। जिससे यहां व्यापार करने वालों के साथ ही आने जाने वाले भी परेशानी का सामना कर रहे हैं। पुराना बस स्टैंड में मल्टीलेवल पार्किंग निर्माण सामग्री का मलबा भी कई महीनों से यूं ही पड़ा है। इससे आने-जाने वाले और वाहन चालकों को दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है।

## रीवेल, रीटोटलिंग और आंसरशीट फोटो कॉपी के लिए मिलेंगे 15 दिन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

दसवीं-बारहवी सीजी बोर्ड के नतीजे 10 मई से पहले जारी होने की संभावना है। इसे लेकर माध्यमिक शिक्षा मंडल से तैयारी की जा रही है।

- सीजी बोर्ड का रिजल्ट 10 मई तक संभावित

नंबर से नाखुश होने वाले छात्र रिजल्ट आने के 15 दिन के अंदर ही रीवैल,रीटोटलिंग और आंसरशीट की छायाप्रति के लिए आवेदन कर सकेंगे। बाद में उन्हें अतिरिक्त समय नहीं दिया जाएगा। इस संबंध में मंडल की ओर से निर्देश जारी किया गया है। साथ ही मंडल ने स्कूलों को भी पत्र भेजा है। अफसरों का कहना है कि पुनर्मूल्यांकन, पुनर्गणना और उत्तर पुस्तिका की छायाप्रति देने का प्रावधान है। रिजल्ट जारी होने के बाद छात्र तीनों प्रक्रिया, या दो प्रक्रिया या किसी एक प्रक्रिया के लिए निर्धारित शुल्क के साथ आवेदन कर सकते है। आंसरशीट की छायाप्रति देने के बाद रीवैल के लिए अलग से 15 दिनों का समय नहीं दिया जाएगा। हर बार ऐसे मामले सामने आते हैं, जब छात्रों ने उत्तरपुस्तिका की छायाप्रति के लिए आवेदन किया। इसे देखने के बाद वे पुनर्मूल्यांकन चाहते थे, लेकिन छायाप्रति मिलने में देरी और 15 दिनों का समय बीतने पर वे आवेदन नहीं कर पाए। इस बार भी वहीं नियम है। इसलिए मंडल ने स्पष्ट निर्देश दिया है कि छात्र यदि मूल्यांकन से नाखुश है तो रिजल्ट आने के 15 दिनों के अंदर ही सभी आवेदन कर दें। बोर्ड के नतीजे आने के बाद जिन छात्रों को कम अंक मिले या परीणाम से जो संतोष न हो उन्हें पुनर्मूल्यांकन के लिए प्रति विषय 500 रूपए शुल्क लगेंगे। इधर मंडल ने जगदलपुर, कांकेर, और आदिवासी व नक्सली क्षेत्र के छात्रों को पुनर्मूल्यांकन के लिए आवेदन करने पर निर्धारित शुल्क से 50 प्रतिशत छूट है। पुनर्गणना व आंसरशीट की छायाप्रति के आवेदन शुल्क में छूट नहीं है।

### जिले के 42 हजार बच्चे इंतजार कर रहे

छत्तीसगढ़ 10 वीं 12 वीं बोर्ड के परिणाम घोषत करने से पहले सीजीबीएससी इसके लिए तारीख की जारी करेगा। मालूम हो की सीजीबीएससी की ओर से इस बार कक्षा 10वीं की बोर्ड परीक्षाओं का आयोजन 2 से 21 मार्च तक और 12वीं कक्षा की बोर्ड परीक्षाओं का आयोजन 1 से 23 मार्च तक राज्यभर में निर्धारित परीक्षा केंद्रों पर आयोजित की गई थीं। बोर्ड परीक्षाएं संपन्न होने के बाद बोर्ड की ओर से 14 अप्रैल तक कॉपियों की जांच के लिए समय तय किया गया था। बिलासपुर में 42 हजार से अधिक बच्चों ने परीक्षा दिलाई है। अब वो परीणाम के इंतजार में हैं।

**REQUIREMENT (URGENT)**

FOR THE FOLLOWING POST IN - JAYCEES PUBLIC HR. SEC. E.M. SCHOOL, PADAV CHOWK, MUNGELI, DISTT.- MUNGELI 495334, PHONE NO. 07755350010

**(A REPUTED ENGLISH MEDIUM SCHOOL RUNNING FOR 39 YEARS)**

| Subject | Class & Post | Minimum Qualification |
|---|---|---|
| * Head Mistress | 1 Position | Graduate + B.Ed + Minimum 5years of teaching experience & at least 3years as a Head Mistress |
| * English | 2 Positions Middle + Higher Sections | M.A. + B.Ed |
| * Social Science | 1 Position Middle + High Sections | M.A. + B.Ed |
| * Mathematics | 2 Positions Middle + Primary Sections | B.Sc./M.Sc + D.Ed/B.Ed |
| * Commerce | 2 Positions Higher Sections | M.Com. + B.Ed |
| * Games Teacher | 1 Position | B.P.Ed./M.P.Ed. |
| * Computer Teacher | 2 Positions | PGDCA/BCA |
| * Peon | 2 Positions | 8th Pass |

Note:- 1. Salary will not be a constraint for outstanding and experienced candidates.
2. Applicant should apply with self attested copies Marksheets, Aadhaar Card and recent photograph within 7 days of this advertisement to the School address or mail to: jpsmungeli@gmail.com, Short listed candi dates will be called for interview. Selection will be at the sole discre tion of management.

बिलासपुर, सोमवार 6 मई 2024

# हरिभूमि लाइव

Email id- haribhoomibsp@gmail.com
Whats App - 6263190692, 8305922255

## आयोजन

### विश्व हास्य दिवस पर निकली रैली



**बिलासपुर।** आनंद लापटर केन्द्र विवेकानंद उद्यान का विश्व हास्य दिवस 5 के अवसर पर विवेकानंद उद्यान रैली निकाली गई। क्लब के अध्यक्ष ने बताया कि यह रैली संतोष भुवन चौक, किताब घर एवं मनोसरोवर लाज से तेलीपारा मध्य नगरी गदा चौक होते हुए विवेकानंद उद्यान पहुंची। जहां रास्ते भर विश्व हास्य दिवस अमर रहे, लाफिंग एंव केलेपिंग डांस करते हंसो हंसाओ रोग भगाओ के नारों से कंपनी गार्डन पहुंची। रैली में क्लब के नंदलाल बजाज, छेरीलाल सराफ, नरेन्द्र अग्रवाल, डीएसएस ठाकुर, अरविंद कोन्हेर, विजय सोमावार, राजू गुप्ता, गोपाल ठाकुर, साहू गुरूजी, शैलेन्द्र तिवारी, विजय तिवारी, गुनाराम, वर्षा कोन्हेर, नैना ठाकुर, संतोष सराफ, सुजाता सिन्हा, शालिनी सराफ, श्रीमती सोमावार आदि मौजूद थे।

नेशनल एलिजिबिलिटी एंट्रेस टेस्ट रविवार को शहर के 19 केन्द्रों में आयोजित की गई,परीक्षा के डेढ घंटे पहले से ही सेंटरों में प्रवेश प्रारंभ हो गया था, छात्रों के दस्तावेज की जांच कर एक-एक को प्रवेश दिया जा रहा था। परीक्षार्थियों को सिर्फ एडमिट कार्ड, एक फोटो और पहचान पत्र ही अंदर ले जाने की अनुमति थी। परीक्षा दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक हुई, परीक्षा में कुल 180 प्रश्न पूछे गए जिसमें बायोलॉजी के 90 और फीजिक्स व कैमेस्ट्री में 45-45 अंक के प्रश्न आएं। एक प्रश्न के लिए चार अंक निर्धारित थे, निगेटिव मार्किंग के तहत एक गलत जवाब देने पर एक अंक काटा जाएगा।



**19 केन्द्रों में आयोजित परीक्षा में 7 हजार 400 विद्यार्थी शामिल हुए**

# नीट: फिजिक्स ने उलझाया कैमेस्ट्री व बॉयोलॉजी ने बढ़ाए अंक

### अभिभावकों का भी निकला पसीना

तेज धूप के बीच बच्चों के साथ अभिभावकों की भी खूब परीक्षा हुई,आसपास जिलों से बच्चों को परीक्षा देने आए पालक भी सुबह से शाम तक केन्द्रों के बाहर बैठे रहें। मुंगेली से आई दिप्ती कौशिक ने बताया कि बे सुबह 10 बजे से आ गई है, जब तक बेटी की परीक्षा नहीं होगी वे बाहर ही बैठेंगी।



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

परीक्षा के बाद केंद्र के बाहर परीक्षार्थी वरूण ने बताया कि फिजिक्स के न्यूमेरिकल्स से संबंधित प्रश्नों में अधिक कठिन थे, वहीं केमेस्ट्री व बायोलॉजी के प्रश्न सरल होने से अच्छे से हल किए। छात्रा व्योमिका दुबे ने बताया कि बॉयो में एनसीआरटी के डाईग्राम सबंधित प्रश्न अधिक पूछे गए, और फीजिक्स में न्युमेरिकल और थ्योरिकल के प्रश्न थोड़ा कठिन थे। कैमेस्ट्री में स्टेटमेन्ट बेस्ड प्रश्न होने से समय लगा।



### ट्रेन लेट होने से देर से पहुंची छात्रा

सेंट फ्रांसिस परीक्षा सेंटर में जिला सक्ती हसौद की छात्रा ज्योति साहू को ट्रेन देरी से बिलासपुर पहुंचने पर वह दोपहर डेढ़ बजे परीक्षा सेंटर पहुंची। गेट बंद हो जाने की वजह से अभिभावक ने प्रबंधन से आग्रह किया, जिसके बाद तुरंत ही परीक्षा केन्द्र में प्रवेश मिला।

### टाइम कम पड़ा

छात्रा भावना अग्रवाल ने बताया कि पेपर तो अच्छा आया था, मगर जिस प्रकार के प्रश्न पूछे गए उसे सॉल्व करने में टाईम कम पड़े गए। ऐसा लगा कि थोड़ा टाईम और मिलता तो पेपर और भी बेहतर बनता, टाईम मैनेजमेंट बिगड़ा है।

### दो स्तर पर हुई जांच

छात्र जब सेंटर में प्रवेश कर रहे थे तो गेट पर दस्तावेज की जांच कर अंदर प्रवेश दिया जा रहा था, इसके बाद परीक्षा हॉल के पहले जांच कर एग्जाम रूम में प्रवेश दिया जा रहा था। छात्रों को परीक्षा सेंटर में ही पेन दी गई स्वंय की पेन ले जाने तक अनुमति नहीं थी।

### 300 छात्र रहे अनुपस्थित

एनटीए प्रभारी शलभ निगम ने बताया कि नीट की परीक्षा में 7 हजार 700 परीक्षार्थी ने एग्जाम देने रजिस्ट्रैशन करवाया था, जिसमें 400 छात्र परीक्षा दिलवाने नहीं पहुंचे।



### ट्रैफिक रहा जाम

शहर में जिन सेंटरों में भी नीट की परीक्षा आयोजित की गई थी, उन सभी सेंटरों के मुख्य मार्गो में घंटो तक जाम जाम लगा रहा। गाड़ियों की लंबी कतार में बच्चे भी परेशान हुए। इन परीक्षा केन्द्रों के बाहर एक भी पुलिस के जवान ट्रैफिक व्यवस्था सुधारते नहीं नजर आएं।

### 2 मिनट की देरी से छात्रा को नहीं मिला प्रवेश

मुंगेली से आई छात्रा बहतराई ब्रिलएंट स्कूल में सेंटर था, तय समय से 2 मिनट देरी से पहुंचने पर छात्रा का प्रवेश नहीं दिया गया। छात्रा गोल्डमेडलिस्ट थी,प्रवेश नहीं मिलने पर बेहद नाराज हुई।



## मदद

### श्रुति जन कल्याण फाउंडेशन ने कराया कन्या का विवाह



**बिलासपुर।** श्रुति जन कल्याण फाउंडेशन संस्था के चरणजीत सिंह गंभीर ने निर्धन कन्या विवाह के अंतर्गत एक गरीब और जरूरतमंद कन्या के विवाह की जिम्मेदारी ली थी। इससे उनका विवाह कार्यक्रम बेहतर ढंग से संपन्न हो गया। श्री गंभीर, श्रीमती मौर्य सहित उपस्थित अन्य सभी लोगों ने वर-वधु को सुख दाम्पत्य जीवन की शुभकामनाएं दी। संस्थापिका चुन्नी मौर्य ने बताया कि संस्था का उद्देश्य असहाय और गरीब की हर आवश्यकता को पूरा करना है। हम किसी के दुख तो दूर नहीं कर सकते, लेकिन हां एक कोशिश जरूर रहती है कि हम उनके चेहरे पर कुछ पलों के लिए मुस्कान ला सके। इस कार्य को सफल बनाने में आरती अनंत, रीता मौर्य, पिंकी दीक्षित का सहयोग रहा।

**वर-वधु को सुख दाम्पत्य जीवन की दी शुभकामनाएं**

### शिविर में 45 महिलाओं का उपचार विशेषज्ञ चिकित्सकों ने दी सेवाएं



**बिलासपुर।** हिन्दू पंजाबी महिला संस्था ने पंजाबी भवन इमलीपारा में तीन दिवसीय निःशुल्क एक्यूप्रेशर, सुजोक सह ऑरिक्यूलर चिकित्सा शिविर का आयोजन किया। इसमें 45 महिलाओं का उपचार किया गया।

हिन्दू पंजाबी महिला संस्था की अध्यक्ष योगिता दुआ ने बताया कि शिविर में चार विशेषज्ञ चिकित्सकों ने अपनी सेवाएं दी। जिसमें डॉ मानसी मलिक, डॉ चंद्रा लालवानी, डॉ अंजलि नागदेव और डॉ जसविंदर कौर शामिल रहीं। पंजाबी संस्था के अध्यक्ष अशोक ऋषि ने कहा कि संस्था एक तंदुरुस्ती हजार नियामत के ध्येय वाक्य के साथ समुदाय और आसपास के लोगों को निःशुल्क चिकित्सा जांच व उपचार के माध्यम से प्राथमिक और विशिष्ट स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करती रही है।

**पंजाबी भवन इमलीपारा में हिन्दू पंजाबी महिला संस्था का आयोजन**

**ठीक होते हैं सभी प्रकार के रोग :** डॉ मानसी मलिक ने बताया कि इस चिकित्सा शिविर में 45 महिलाओं को उपचारात्मक चिकित्सा सेवाएं प्रदान की गई। एक्यूप्रेशर चिकित्सा पद्धति वस्तुतः भारतीय चिकित्सा संस्कृति की धरोहर है और इसके नियमित अभ्यास से सभी प्रकार के रोग ठीक हो सकते हैं।

**इनका रहा सहयोग :** शिविर को सफल बनाने में अध्यक्ष योगिता दुआ, शिखा सवन्नी, रत्ना हिंदूजा, नमिता ऋषि, चानी ऐरी, हर्ष बाला सग्गर, रमा ऐरी सहित अन्य सभी सदस्यों का सहयोग रहा।

### महिलाओं की भागीदारी से सेन समाज का हो रहा है विकास



**बिलासपुर।** सेन श्रीवास समाज ने श्री श्री 1008 सेन महाराज की 724वीं जयंती पर श्रीवास भवन में विविध सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया। मुख्य अतिथि त्रिलोक श्रीवास ने कहा कि महिलाओं की भागीदारी से समाज का विकास हो रहा है।

कार्यक्रम के आरंभ में मुख्य अतिथि त्रिलोक श्रीवास ने कहा कि कार्यक्रम में महिलाओं की भागीदारी देखकर वे काफी खुश हैं। इनकी सहभागिता से समाज निश्चित ही उन्नति कर रहा है। आज श्रीवास समाज द्वारा रचनात्मक कार्यक्रम किया जा रहा है। निश्चित ही इसका लाभ समाज को मिलेगा। विशिष्ट अतिथि प्रो. डॉ महेश श्रीवास राउरकेला ने कहा कि समाज निरंतर उन्नति कर शिक्षा, एकता पर कार्य कर रहा है। उन्होंने समाज में हो रहे कार्यों को लेकर खुशी जताई और आगे भी इसी तरह काम करते रहने की बात कही। विशिष्ट अतिथि महेश श्रीवास, कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे सुरेंद्र श्रीवास ने भी अपने विचार रखे। इस अवसर पर रामकुमार, दुखुराम श्रीवास, गणेश, गोरे गुरुजी, जवाहर, बिहारी, महिला अध्यक्ष ज्योति श्रीवास, अध्यक्ष सुरेंद्र श्रीवास, सचिव चंद्रमणि श्रीवास, सहसचिव सुमित श्रीवास, कोषाध्यक्ष संतोष श्रीवास, सह कोषाध्यक्ष बसंत श्रीवास सहित समाज के अन्य लोग भारी संख्या में उपस्थित थे।

**सेन जयंती पर विविध आयोजन, सम्मानित हुए प्रतिभागी**

### परशुराम प्रकटोत्सव पर 11 को निकाली जाएगी शोभायात्रा



**बिलासपुर।** विकास नगर 27 खोली स्थित पूर्व विधायक चन्द्र प्रकाश बाजपेयी परिषद में भगवान परशुराम प्रकटोत्सव शोभायात्रा मनाने समग्र ब्राह्मण समाज, परशु सेना, सनातन धर्म के अनुयायियों की बैठक हुई। इसमें भगवान परशुराम का जन्मोत्सव भक्तिमय वातावरण में मनाने सहमति बनी।

समाज से संरक्षक आचार्य पं गिरधर शर्मा, रामप्रसाद शुक्ला, अध्यक्ष छग ब्राह्मण डॉ प्रदीप शुक्ला, अध्यक्ष कान्यकुब्ज पं अरविंद दीक्षित, उड़िया ब्राह्मण अध्यक्ष अमित मिश्रा, बी महेश तेलगू ब्राह्मण, श्रीराम परसाई जिझोतिया समाज, सच्चिदानंद तिवारी सरयूपारी ब्राह्मण, रिखेंद्र तिवारी वर्ल्ड ब्राह्मण, बीके पांडेय अध्यक्ष प्रांतीय कान्यकुब्ज समाज, स्वप्निल शुक्ला महामंत्री सर्व ब्राह्मण समाज, मनोज शुक्ला सचिव कान्य कुब्ज समाज, विभा गौरहा छग महिला ब्राह्मण समाज, डॉ उषा किरण बाजपेयी पूर्व अध्यक्ष महिला कान्यकुब्ज समाज, महेश भार्गव समाज, महेश शर्मा गौड़ ब्राह्मण, अनुराग मिश्रा अधिवक्ता सहित समग्र ब्राह्मण समाज संग परशुसेना के पं विनय शर्मा. ने शोभायात्रा की रूपरेखा रखी। साथ ही समस्त विप्र समाज ने सर्व सहमति से तीन दिवसीय जन्मोत्सव मनाने का निर्णय लिया। कार्यक्रम का संचालन चन्द्र प्रकाश बाजपेयी एवं आभार प्रदर्शन अखिलेश चन्द्रप्रदीप बाजपेयी ने किया।

**धर्मसभा सहित होंगे तीन दिवसीय आयोजन बैठक में बनी सहमति**

## स्पोर्ट्स न्यूज

### बास्केटबॉल प्रतियोगिता में 12 खिलाड़ियों का हुआ चयन



**बिलासपुर।** 74 वीं जूनियर नेशनल बास्केटबॉल प्रतियोगिता जो की इंदौर में 8 से 14 मई तक आयोजित होने वाली है, जिसका प्रशिक्षण कैंप छत्तीसगढ़ स्कूल बास्केटबाल प्रांगण में आयोजित किया किया गया, जिसमें अलग अलग जिलों से आए 16 खिलाड़ियों ने शिविर में भाग लिया जिसमें से 12 खिलाडियों ने टीम मे अपनी जगह बनाई। टीम को प्रतियोगिता में अच्छे प्रदर्शन के लिए छत्तीसगढ़ प्रदेश बास्केटबॉल एसोसिएशन के अध्यक्ष राजीव जैन, छ.ग. बास्केटबाल चयन समिति के अध्यक्ष राघवेंद्र सिंह गौर, सुनील गौरहा, अमित मंडल, ई जैकब, प्रवीण बिसेन, धीरेन्द्र सिंह, सुनील सिंह राठौर, भागवत उपाध्याय, प्रदीप वर्मा, डेमन साहू, प्रदीप साहू, विमल राय , योगेश साहू आदि ने बधाई एवम शुभकामनाएं दी है।

#### इनका हुआ चयन

प्रमुख प्रशिक्षक निलेश कांत श्रीवास, सहायक प्रशिक्षक स्वप्निल चुनेकर, प्रबंधक प्रणय तिवारी,फिजियो शिवम दुबे,अरमान अली,वैभव सिंग, ऋतिक, गणेश मालवीया. अनुज सिंग, राहुल कोरी, फैजान अली, शरद पणियां, अथर्व उपाध्याय, आयुष चौबे, भव्य देवांगन शामिल हैं।


**ऑनलाइन दक्षता विकास प्रशिक्षण के तहत छात्रों से किया गया संवाद**

# स्वस्थ शरीर से ही स्वस्थ मस्तिष्क का विकास

कार्नर न्यूज

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

बोर्ड परीक्षा परिणाम के समय बच्चों के तनाव को दूर करने के लिए जिला प्रशासन एवं स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा चलाए जा रहे फेसबुक लाइव कार्यक्रम में बच्चों पालकों और शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा एसडीएम पीयूष तिवारी ने बालकों से अपील की, कि अभी आगामी दिनों में 10वीं 12वीं के परीक्षा परिणाम आने वाले हैं, अभी बच्चे फ्री हैं विद्यालय नहीं जा रहे हैं। अतः बहुत अच्छा मौका है कि आप अपने बच्चों के साथ अधिक से अधिक समय व्यतीत करें। हो सके तो छुट्टी में बच्चों के साथ बाहर घूमने का प्रोग्राम बनाएं क्योंकि ऐसा मौका बार-बार नहीं मिलता। इस समय आप बच्चों के ऊपर कोई चीज थोपिये मत । यदि आपका बच्चा परीक्षा परिणाम को लेकर के चिंतित नजर आ रहा है तो ऐसे समय में उसे हर फील्ड के लोगों से मिलवाइए, जिससे बच्चा अपने लिए एक अच्छा रुचिकर फील्ड चुन सके। बच्चों को कहिए कि वह अपने एफर्ट पर फोकस करें,हर कार्य में अपना बेस्ट दे, परंतु रिजल्ट पर फोकस ना रहें। अपनी सफलता के बारे में बताया कि प्राइवेट नौकरी करते हुए जब पीएससी परीक्षा की तैयारी शुरू की तब 3 साल का टारगेट फिक्स किया था, अपना बेस्ट दिया और परिणाम सामने हैं कि जो सोचा था वह अपने तीसरे अटेम्प्ट में प्राप्त कर लिया।



### 10वीं 12वीं पहली सीढ़ी, अंतिम नहीं

एसडीएम ने कहा कि मैंने यह भी सोचा था कि यदि 3 साल में मुझे सफलता नहीं मिलती है डिप्टी कलेक्टर नहीं बन पाया तो मैं अपने पुराने जॉब में वापस चला जाऊंगा। बच्चों से उन्होंने कहा कि प्यारे बच्चों लाइफ में अप और डाउन्स लगा रहता है, 10वीं और 12वीं सफलता की पहली सीढ़ी है अंतिम नहीं। उन्होंने बिलासपुर के कलेक्टर अवनीश शरण का उदाहरण दिया जिन्होंने दसवीं में ग्रेस से पास होने के बावजूद भी यूपीएससी जैसी सबसे बड़ी परीक्षा को क्रैक किया था।

#### बच्चों को टूर प्लान कराएं


उन्होने कहा कि एक या दो असफलता से हिम्मत नहीं हारना चाहिए। उन्होंने शिक्षा विभाग से भी अपील की कि बच्चों कोआत्म केंद्रित होने से बचने के लिए बच्चों के अधिक से अधिक टूर प्लान आयोजित किया जाना चाहिए।

#### ट्यूशन से रखे मुक्त

उन्होंने आज छोटे बच्चों में ट्यूशन की बढ़ती प्रवृत्ति पर चिंता व्यक्त करते हुए पालकों को आगाह किया कि बच्चों को ट्यूशन से मुक्त रखें । बच्चा जब तक मेच्योर नहीं हो जाता अर्थात दसवीं कक्षा के बाद ही बच्चों को कोचिंग सेंटर में भेजें उससे पहले नहीं।


### संयुक्त परिवार नहीं होने से बच्चों में आ रहा तनाव

शाम के सत्र में बिलासपुर के प्रसिद्ध प्रेरकवक्ता विवेक जोगलेकर जी ने बच्चों से फेसबुक लाइव कार्यक्रम के अंतर्गत सीधा संवाद किया। उन्होंने कहा कि कोई भी पालक यह कहता है कि मैं अपने बच्चों को पूरी तरह समझता हूं तो यह उसका भ्रम है, क्योंकि हर बच्चा एक स्वतंत्र इकाई है जिसकी अपनी दुनिया है। जोगलेकर ने बच्चों के मनोविज्ञान के बारे में बताते हुए कहा कि वैज्ञानिक अनुसंधान से यह प्रमाणित हो गया है कि प्रत्येक बच्चा खास करके टीन एजर्स 14 से 21 वर्ष के बीच का बच्चा अपने जीवन में चार प्रतिक्रिया देता है- पहले पूर्वाभ्यास, दूसरा भावना, तीसरा आक्रामकता और चौथा सामाजिक समन्वय और बच्चा इन चारों के बीच में ही अपने आप को बैलेंस करके आगे बढ़ाने के लिए अपनी योजनाएं बनाता है। आज बच्चों में बढ़ते तनाव के बारे में उन्होंने कहा कि पहले संयुक्त परिवार होता था बच्चा अपने परिवार के लोगों से घुल मिलकर के रहता था आज सीमित परिवार होने के कारण मां-बाप अपने बच्चों के शारीरिक और मानसिक विकास दोनों पर पूर्ण नियंत्रण रख करके बच्चे को बीमार कर दे रहे हैं। वर्तमान में छोटे परिवार में मां-बाप में आए दिन आपसी तनाव होते रहता है जिससे भी बच्चा तनाव तनाव ग्रस्त होते जा रहा है।



## खबर संक्षेप

### कुकदा में पिछले 20 दिनों से दो बोरिंग खराब



**खम्हरिया।** ग्राम पंचायत कुकदा में पिछले 20 दिनों से दो बोरिंग खराब है। लोगों ने इसकी शिकायत पीएचई विभाग मस्तूरी में की है, लेकिन मामले में कोई ध्यान नहीं दे रहा है। वर्तमान में इन बोरिंग की आवश्यकता है। लाइट बंद होने पर लोग पानी के बगैर परेशान हो जाते हैं। शासन द्वारा बिजली पानी की समस्या को तत्काल समाधान करने के लिए अधिकारियों को निर्देश जारी किया गया है फिर भी मस्तूरी पीएचई विभाग द्वारा लापरवाही की जा रही है। अगर यह बोरिंग तत्काल ठीक नहीं होता है तो लोग बाहर से पानी लाने के लिए मजबूर हो जाएंगे। राम लाल पाटनवार ने बताया गया कि पीएचई विभाग मस्तूरी को तीन बार शिकायत की गई है लेकिन वहां कर्मचारी नहीं है यह कह कर टाल दिया जाता है।

### जिले में शत प्रतिशत मतदान के लिए की जा रही अपील





**मुंगेली।** जिले में शत प्रतिशत मतदान के लिए अधिक से अधिक मतदान करने की अपील की जा रही हैं। इसी उद्देश्य से छत्तीसगढ़ शबरी सेवा संस्थान बछेरा द्वारा संचालित परियोजना वृद्धा आश्रम और नशा मुक्ति केंद्र कर्मचारियों के द्वारा संयुक्त रूप से वृद्धा आश्रम में शत प्रतिशत मतदान करने की अपील की गई। बताया गया कि प्रत्येक मतदाता जागरूक होकर न सिर्फ स्वयं मतदान के लिए बूथ जाए बल्कि अपने आसपास रहने वाले वृद्ध, असहाय, निरूशक्त आदि को भी सहारा देकर अपने साथ पोलिंग बूथ ले जाए और मतदान बिना किसी लालच, भय के देश के विकास के लिए करे। क्योंकि मतदान करना हमारा अधिकार ही नही बल्कि हमारा कर्तव्य है। इस दौरान आश्रम के वृद्धजनों सहित संस्था के समस्त कर्मचारी उपस्थिति रहे।

### समाज के मतदाताओं को मतदान के लिए जागरुक कर कराया संकल्प



**मुंगेली।** राजपूत क्षत्रिय समाज तखतपुर मुंगेली परिक्षेत्रीय अध्यक्ष नर्मदा सिंह राजपूत ने मां अष्टभुजी दुर्गा मंदिर प्रांगण में समाज के मतदाताओं को मतदान के लिए जागरुक करने संकल्प कराया । जिसमें बड़ी संख्या में सामाजिक बंधु उपस्थित रहें। नर्मदा सिंह राजपूत ने बताया कि लोकतंत्र में मतदान ही नागरिकों की बड़ी ताकत है। हमें इस ताकत का उपयोग कर ऐसे प्रतिनिधि को चुनना चाहिए, जिसकी छवि स्वच्छ हो, जो क्षेत्र और प्रदेश तथा देश के प्रति समर्पण और सेवा का भाव रखता हो। मतदान करना हमारा अधिकार और जिम्मेदारी है। मतदाताओं को अपने मताधिकार का अनिवार्य रूप से उपयोग करने का संकल्प दिलाया तथा शपथ ग्रहण कराया। इस अवसर पर तखतपुर मुंगेली परिक्षेत्रीय अध्यक्ष नर्मदा सिंह राजपूत, केंद्रीय संरक्षक मनहरण सिंह राजपूत, वरिष्ठ उपाध्यक्ष गोविंद सिंह राजपूत, केंद्रीय सह सचिव संतु सिंह राजपूत, क्षे.प्रवक्ता ऋषि सिंह राजपूत, क्षे.न्याय मंडल सदस्य, कौशल सिंह राजपूत, जगदीश सिंह राजपूत, फूल सिंह राजपूत, मोहन सिंह राजपूत, पोषण सिंह राजपूत, क्षे.सचिव चिम्मन सिंह राजपूत, कृष्णा सिंह राजपूत, विनोद सिंह राजपूत, ज्ञान सिंह राजपूत, ग्राम इकाई अध्यक्ष चैन सिंह राजपूत, सालिक सिंह, टाकेश्वर सिंह राजपूत, सुनील सिंह राजपूत, ओमप्रकाश सिंह राजपूत, रामावतार सिंह राजपूत, थानू सिंह राजपूत, मनमोहन सिंह क्षत्रीय, रवि सिंह ठाकुर सहित सामाजिक बंधु उपस्थित थे।

### स्काउड-गाइड ने किया प्याऊ घर का शुभारंभ



**सीपत/मस्तूरी।** कड़ी धूप के बीच लोगों को राहत दिलाने के उद्देश्य से शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक शाला सेजेस पचपेड़ी के रोवर एवं रेंजर के द्वारा शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक शाला मस्तूरी के सामने शनिवार को मस्तूरी बीईओ शिवराम टंडन के आतिथ्य व रोवर लीडर चितरंजन कुमार राठौर की उपस्थिति में अनामिका राठौर (गाइडर ) प्रधानपाठक शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला गोडाडीह एवं 6 रोवर रेंजर के द्वारा प्याऊ घर का शुभारंभ किया गया। एबीईओ श्री टंडन ने कहा कि भीषण गर्मी में राहगीरों को ठंडा पानी पिलाना ,यह बड़ा पुनीत व सेवा का कार्य है। लोगों के मानवता व इंसानियत के नाते ऐसे जनसेवा के कार्य में आगे आना चाहिए। इस दौरान रोवर रेंजर शाहिद मधुकर मोहित मधुकर देवव्रत मधुकर रेंजर कु अनुष्का मधुकर वर्षा मधुकर रेशमा केवट ने इस भीषण गर्मी में लोगो के गले को तर करने और राहत देने के उद्देश्यों से सभी राहगीरों को पानी पिला रहे हैं। इस पुनीत कार्य की सभी राहगीरों एवं ग्रामवासियों द्वारा सराहना की जा रही है।

## निधन

### चंदा रजक



**बिलासपुर।** बंधवापारा सरकंडा निवासी चंदा रजक का 5 मई को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 6 मई सोमवार को सुबह 10 बजे सरकंडा स्थित मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे नवीन, नीता, पूर्व पार्षद गीता रजक की माता एवं अभिषेक, अभिनव रजक की दादी थीं।

# गर्मी के धान के लिए पानी का टोटा, हफ्ते भर में कटने को तैयार, खेतों में दरार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

### बिजली अधिकारी नियमों का हवाला दे बंद कर रहे फीडर



■ किसानों की परेशानी बढ़ी, मांग के बाजवूद पानी नहीं।

राज्य सरकार द्वारा पहले से ही गर्मी के धान लगाने में मनाही है, और इसके हतोत्साहित करने के लिए बिजली विभाग फीडरों को बंद कर रहा है, रात 11 बजे के बाद जिले के कृषि पंपों को बंद कर दिया जा रहा है, वहीं अब धान कटने को तैयार है, लेकिन महज 1 हफ्ते के लिए भी बिजली अधिकारी पंप शुरू नहीं कर रहे हैं।

ग्रामीण क्षेत्रों में इस बार गर्मी के धान की पैदावार जबरदस्त है, भले ही सरकार ने पानी की किल्लत को देखते हुए धान नहीं लगाने की मांग की थी, लेकिन इसके बावजूद किसानों ने खेतों में धान लगाया है, लेकिन गर्मी बढ़ते ही इन खेतों में दरारें पड़ रही हैं, वहीं धान के पौधे को पानी की सख्त जरूरत भी है जिसके चलते रात में पानी चलाना अनिवार्य है लेकिन नियमों और आदेश का हवाला देते हुए बिजली अधिकारी कृषि फीडर बंद कर रहे हैं, जिससे इन किसानों को पर्याप्त मात्रा में पानी नहीं मिल रहा है, खास बात यह है कि जहां रात में फीडर बंद रहता है वहीं गर्मी का लोड बढ़ने के कारण लगातार ट्रांसफार्मर फेल हो रहे हैं और फाल्ट की समस्या है जिसके चलते दिन में भी कई घंटें बिजली बंद रहती है। ऐसे में किसानों पर दोहरी मार पड़ रही है।

### हुकिंग भी कर रहे किसान

धान की फसल बचाने के लिए कई गांव में किसानों ने हूकिंग का सहारा ले लिया है, कृषि फीडर बंद होने के बाद दूसरे सप्लाई फीडर से हूकिंग की जा रही है लेकिन यह सभी किसानों के लिए संभव नहीं है। ऐसे में बिजली अधिकारियों से लगातार किसानों की मांग जारी है। किसानों का कहना है कि महज एक से डेढ़ हफ्ते में फसल पूरी तरह से तैयार हो जाएगी, जिसके बाद पानी की आवश्यकता नहीं होती है, ऐसे में बिजली विभाग को हफ्ते भर का पानी देने की छूट देनी चाहिए। बिल्हा, महमद, खेरारी, लावर, लोखंडी, लिमतरा जैसे गांवों के किसानों ने अधिकारियों से मुलाकात भी की है।

## तीन बार टेंडर कॉल करने के बाद भी नहीं मिल रहा है ठेकेदार

# जिले में 500 से अधिक ट्यूबवेल का काम रूका, टेंडर में उलझा विभाग

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर



■ अब चुनाव के बाद होगी प्रक्रिया शुरू।

जिले में नल जल योजना के लिए पीने का पानी सप्लाई करने और वाटर लेवल को रिचार्ज करने के लिए 500 से अधिक ट्यूबवेलों का खनन किया जाना था, लेकिन ठेकेदार नहीं मिलने के कारण पीएचई ने 3 बार ठेका निरस्त किया और अब चुनाव आचार संहिता में फंसने के कारण खनन नहीं हो रहा है। ऐसे में में 8 सौ गांव के लोगों को निस्तारी के लिए भी पानी नहीं मिल पा रहा है।

पारा 44 डिग्री के आसपास है, ऐसे में वाटर लेवल पाताल में जा रहा है, बताया जा रहा है कि लेवल गिरने के कारण कई ट्यूबवेल में पानी नहीं आ रहा है, वहीं विभाग को वाटर लेवल भी रिचार्ज कराना है, जिसके लिए 500 से अधिक ट्यूबवेल का खनन किया जाना है, लेकिन विभाग को 4 माह में एक भी ठेकेदार नहीं मिल सका है, वहीं मार्च में तीसरी बार टेंडर निकाला गया, जिसमें 4 से ठेकेदारों ने हिस्सा लिया है,लेकिन टेंडर खुलने से पहले ही आचार संहिता लग गई और 500 बोर का काम कागजों में ही दब कर रह गया है, ऐसे में जिले के हजारों लोगों को दो समय के पानी के लिए तरसना पड़ रहा है। खास बात यह है कि प्राकृतिक साधन भी सूखने लगे हैं, जिसके चलते स्थिति विकराल हो रही है। विभाग के अधिकारियों के अनुसार चुनाव निबटने के तुरंत बाद ही टेंडर खोला जाएगा और 3 माह के अंदर 500 से अधिक बोर किए जाएंगे।

### 3 किमी दूर से आता है पानी

खास बात यह है कि नहर और नदियां धूप के प्रचंड तेवर के कारण सूख चुकी है। बिल्हा, कोटा, तखतपुर जैसे ब्लॉक में कई ऐसे गांव है जहां 3 किमी दूर से पानी लाना पड़ रहा है। वहीं पीएचई और पंचायत द्वारा किए गए बोर भी सूखने लगे है। विभाग ऐतिहात के तौर पर 100 फीट के हैंडपंपों को जैसे तैसे शुरू करने में लगा है, लेकिन वाटर लेवल नीचे जाने के कारण इन पंपों से महज हवा ही वापस आ रही है।

### चुनाव के बाद दिया जाएगा ठेका

टेंडर कर लिया गया है, लेकिन ठेका किसी को भी आबंटित नहीं किया गया है। हैंडपंपों में सुधार कार्य जारी है। चुनाव निबटने के बाद ही ठेका दिया जाएगा।

**यूके राठिया**, ईई, पीएचई

## सड़क पर आटो में घायल मिला व्यापारी, अस्पताल में मौत



**तखतपुर।** सामान लेकर आटो से जा रहा दुकानदार ग्राम खम्हरिया के पास घायल अवस्था में मिला। जिसकी ईलाज के दौरान मृत्यु हो गई। पुलिस मामले की विवेचना में जुटी हुई है। पुलिस के अनुसार पथरिया थाना अंतर्गत ग्राम लौदा निवासी रवि बंजारे ने जरहागांव थाना प्रभारी को बताया कि पिता चंद्रभान बंजारे 30 अप्रैल को घर से खरीदी करने के लिए निकला था और बैंक से पत्नी के नाम से 8 हजार और स्वयं के नाम से 65 हजार की निकासी कर तखतपुर गया हुआ था। और खरीदी के बाद उसने समान ले जाने के लिए एक आटो को किराए में लिया था। शाम 4:55 बजे तखतपुर पुराना बस स्टैण्ड के पास टेकचंद कारड़ा वासुदेव स्टोर्स के यहां लगे सीसीटीवी फुटेज में दिखा कि आटो पुराना बस स्टैण्ड में पांच मिनट रूका हुआ था और चंद्रभान बंजारे आटो से उतरकर सामान लाने के लिए गया था। तभी आटो चालक भी उतरकर पास की होटल में गया था और जब वापस आया तो दोनों आटो में बैठकर ग्राम लौदा की ओर चले गए। शाम 6 बजे एक परिचित का फोन आया कि उसके पिता ग्राम खम्हरिया थाना जरहागांव के पास घायल अवस्था में पड़े हुए है। जिसे उठाकर पथरिया अस्पताल ले जाया गया। जहां से उसे बिलासपुर के बाद मेकाहारा और डीके हास्पिटल ले जाया गया। जहां डीके अस्पताल में उसकी मृत्यु हो गई। वहीं जिस आटो में उसके पिता गांव आ रहे थे उसका चालक सामान और पैसे को लेकर फरार हो गया है। शिकायत पर पुलिस मामले की विवेचना में जुटी हुई है।

### तत्काल कार्रवाई की जाएगी

परिजन ने दुर्घटना की जानकारी और आटो चालक द्वारा सामान सहित भागने की जानकारी दी है। मेकाहारा से मर्ग इंटीमेशन की जानकारी लेकर तत्काल कार्रवाई की जाएगी।

**हरिश कुमार साहू**
थाना प्रभारी जरहागांव।

## भूपेश बोले- मोदी की गारंटी सिर्फ एक जुमला



**बिलासपुर।** चुनाव प्रचार के आखरी दिन पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल भाजपा और केंद्र सरकार पर जमकर बरसे। उन्होंने कहा कि मोदी की गारंटी सिर्फ एक जुमला है। जिस गारंटी की वे बात करते हैं उसे वे पूरा नहीं करते।

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने रविवार को बिल्हा क्षेत्र के ग्राम दगौरी में जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने अपनी सरकार की उपलब्धियां गिनाईं और भाजपा सरकार पर जमकर प्रहार किया। श्री बघेल ने कहा कि कांग्रेस की सरकार ने छत्तीसगढ़ की संस्कृति को बचाने का प्रयास किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की सरकार ने 2500 रुपए में किसानों से धान खरीदी की। किसानों का कर्ज माफ किया। बिजली बिल हॉफ योजना का लाभ सभी नागरिकों को दिया गया। कांग्रेस की सरकार ने हॉट बाजार क्लीनिक योजना शुरू ताकि लोगों को मुफ्त इलाज मिल सके। प्रदेश को शिक्षा के क्षेत्र में आगे लाने के लिए स्वामी आत्मानंद स्कूलों की शुरूआत की। कांग्रेस सरकार ने छत्तीसगढ़ की पारंपरिक खेलों को प्रोत्साहित करने के लिए छत्तीसगढ़िया ओलंपिक शुरू की। सांस्कृतिक धरोहरों को बचाने स्थानीय त्यौहारों को धूमधाम से मनाया गया। तीज, छेरछरा जैसे पर्वों को धूमधाम से मनाया, लेकिन केंद्र की भाजपा सरकार सिर्फ जुमलेबाजी कर रही है।

## अबकी बार 400 पार के संकल्प को करेंगे पूरा: कौशिक



**बिलासपुर।** पूर्व विधानसभा अध्यक्ष धरमलाल कौशिक की अध्यक्षता में भाजपा कार्यकर्ताओं ने लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण के अंतिम दिन विधानसभा बिल्हा क्षेत्र के पांचों मंडलों में चुनावी रैली निकलकर जनसम्पर्क किया।

इस मौके विधानसभा बिल्हा के सिरगिट्टी मंडल से प्रारम्भ करके बोदरी, मंडल बिल्हा मंडल, सरगांव मंडल, पथरिया मंडल में समापन किया गया। श्री कौशिक ने कहा कि कि 2014 एवं 2019 के लोकसभा चुनाव की तरह इस बार भी भाजपा के पक्ष में भारी मतदान हुआ है। मतदाताओं और कार्यकर्ताओं में "मोदी सरकार" को लेकर फिर एक बार केन्द्र में सत्ता में लाने के लिए अभूतपूर्व उत्साह देखा गया है और हमें विश्वास है कि भाजपा इन तीनों सीटों पर भारी बहुमत से विजयी होने जा रही है। केन्द्र सरकार ने पिछले 10 वर्षों में जनता की सहूलियतों एवं उनके जीवन में क्रांतिकारी बदलाव लाए हैं। मोदी सरकार की योजनाओं का विशेष रूप से महिलाओं के जीवन में सकारात्मक बदलाव आए हैं। यही कारण है कि हमारी माताओं बहनों ने मोदी जी को फिर एक बार सत्ता सौंपने के लिए बढ़चढ़ कर मतदान में भाग लिया है। श्री कौशिक ने कहा कि प्रदेश एवं देश में डबल इंजन की भाजपा सरकार के कारण हुए अभूतपूर्व विकास को जनता ने 'कमल छाप' पर बटन दबाकर अपनी स्वीकृति प्रदान कर दी है।

## सेन श्रीवास समाज ने मनाई सेन महाराज की जयंती



**पथरिया।** नगर सहित क्षेत्र में सेन समाज के अनुयायियों ने समाज के महापुरुष श्री श्री 1008 शिरोमणि सेन महाराज की 724 वीं जयंती बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया गया। स्वजातीय बंधुओं ने अपने इष्ट श्री सेन महाराज के छाया चित्र पर माल्यार्पण कर पूजा अर्चना किए।

इसके बाद नगर के श्रीवास समाज ने सामाजिक सम्मेलन कर समाजिक विकास और कल्याण की योजनाओं पर विचार किया। वही नगर के साथ साथ ग्रामीण क्षेत्रों में भी डीजे के साथ रैली निकाल कर उत्साह प्रदर्शन किया। इस अवसर पर नगर पंचायत के सभापति धर्मेंद्र श्रीवास ने कहा कि महाराज के बताए सद्मार्ग पर चलते हुए मानव सेवा हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए। इसके साथ ही समाज के युवक, युवतियों को शिक्षा को ओर प्रेरित करना होगा जिससे वे परम्परागत व्यवसाय के अलावा अन्य क्षेत्रों में सम्मान हासिल कर सके। नगर सैलून संघ के अध्यक्ष टिकेश श्रीवास ने कहा कि स्वजातीय बंधुओं को सामाजिक एकता के सूत्र में बांधने हमारे समाज के संत ने जो विचार दिए है उनका पालन कर आगे बढ़ना होगा।

### सुभाष नगर में श्रीमद भागवत कथा 12 से

**तखतपुर।** नगर के वार्ड क्रमांक 4 में सुभाष नगर में श्रीमद भागवत कथा का आयोजन 12 मई से रखा गया है। व्यास वाचक पं शास्त्री विजयानंद पाठक बलौदा वाले है। मुख्य यजमान भानु प्रताप सिंह, सीमा देवी, मनमोहन सिंह, सुष्मा सिंह, उषा ठाकुर, राम नारायण सिंह, दिनेश सिंह, निलेश सिंह, पुष्पा ठाकुर, आशा ठाकुर, श्वेता सिंह सहित अन्यजन है। कथा श्रवण का समय दोपहर 2 बजे से रखा गया है।

## 24 लाख रुपए की धोखाधड़ी, युवक के खिलाफ शिकायत

■ बुजुर्ग महिला को मिली थी जमीन बिक्री की राशि

**रतनपुर।** धार्मिक नगरी में एक युवक द्वारा 80 साल की बुजुर्ग महिला से 24 लाख रुपए की धोखाधड़ी करने की शिकायत रतनपुर थाने में की गई है। मामले में पुलिस जांच में जुट गई है।

जानकारी के अनुसार नगर की एक 80 वर्षीय वृद्ध बेवा महिला ने थाने में शिकायत दर्ज कराई है की 2020 के मार्च माह में उसने खण्डोबा बाईपास रोड पर स्थित जमीन को 24 लाख रुपए में बेचा था। क्रेता ने बिक्री राशि में से 16 लाख रुपए का चेक एवं 8 लाख रुपए नकद दिया था। उक्त राशि को महिला ने अपने पुत्र मुन्नू रावत एवं सुनील रावत के सामने रवि रावत एवं ऋषि कुमार रावत के कहने पर दे दी। उन्होंने बुजुर्ग महिला से यह कहकर पैसे लिए कि वे चेक एवं पैसा बैंक में जमा कर देंगे। इसके बाद जब बुजुर्ग महिला बीमार होने पर इलाज के लिए तीस अप्रैल को जब महिला ने रवि रावत एवं ऋषि रावत को पैसे की मांग की तो दोनों ने कहा कि उन्होंने 24 लाख रुपए को आपस में बांट लिया है और कुछ दिन का मोहलत देने पर पूरा पैसा वापस कर देंगे। अब दोनों युवक महिला को न तो बैंक का पासबुक दे रहे हैं और न ही 24 लाख रुपए वापस कर रहे हैं। बुजुर्ग महिला ने मामले की शिकायत थाने में करते हुए कानूनी कार्रवाई करते हुए जमीन की बिक्री राशि 24 लाख रुपए वापस दिलाए जाने की मांग की है।

### मिली है शिकायत

धोखाधड़ी के मामले की शिकायत हुई है। बैंक से स्टेटमेंट के लिए कहा गया है। आगे की कार्रवाई की जाएगी।

**अजय कुमार**, आईपीएस, थाना प्रभारी, रतनपुर

## लोकसभा चुनाव को लेकर जिला एवं पुलिस प्रशासन मुस्तैद

# शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष मतदान कराने निकाला गया पुलिस का फ्लैग मार्च

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

लोकसभा चुनाव के मद्देनजर 7 मई को होने वाले मतदान को शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष संपन्न करवाने जिले के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक व कलेक्टर के नेतृत्व में फ्लेग मार्च निकाला गया। मतदान को शांतिपूर्ण संपन्न करवाने नगर के प्रमुख चौक-चौराहों, मार्गों से होते हुए फ्लेग मार्च निकाला गया। फ्लेग मार्च में केन्द्रीय पुलिस बल, जिला पुलिस बल के 300 अधिकारी व जवान शामिल रहे।

फ्लैग मार्च का नेतृत्व जिले के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक गिरिजा शंकर जायसवाल एवं जिला दण्डाधिकारी राहुल देव कर रहे थे। इसके अलावा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ऑपरेशन विवेक शुक्ला, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के कमान्डेंट विनय कुमार एवं पुलिस के अन्य अधिकारी शामिल रहे। इसके माध्यम से शांतिपूर्ण मतदान में बाधा पहुंचाने वालों को सख्त संदेश दिया गया। साथ ही आम लोगों को विश्वास दिलाया गया कि पुलिस एवं प्रशासन उनके साथ है।



फ्लैग मार्च में शामिल जवान।

### बाहर से आने वाले लोगों पर मुंगेली पुलिस रख रही निगाह



**मुंगेली।** शांतिपूर्ण और निष्पक्ष मतदान हेतु बाहर से आने वाले लोगों पर मुंगेली पुलिस द्वारा निगाह रखी जा रही है। अभियान चलाकर जिले के समस्त होटल, लॉज, ढाबों की अलग-अलग टीम बनाकर सघन चेकिंग की गई। पुलिस उप महानिरीक्षक वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक गिरिजा शंकर जायसवाल के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल के मार्गदर्शन मेंआगामी लोकसभा निर्वाचन 2024 के मद्देनजर निर्भिक एवं शांतिपूर्ण मतदान सम्पन्न कराने हेतु आवश्यक तैयारियां की जा रही है। लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण का मतदान 7 मई को होना है।

### 663 केन्द्रों के लिए मतदान दलों का तृतीय रेंडमाईजेशन किया गया



**मुंगेली।** विधानसभा मुंगेली, लोरमी और बिल्हा के 663 मतदान केन्द्रों के लिए मतदान दलों का तृतीय रेंडमाईजेशन किया गया। सामान्य प्रेक्षक अभय ए. महाजन, व्यय प्रेक्षक श्रीकांत नामदेव की उपस्थिति में मतदान दलों का तृतीय रेंडमाईजेशन किया गया। इस अवसर पर अपर कलेक्टर निष्ठा पाण्डेय तिवारी, जिपं सीईओ प्रभाकर पाण्डेय, उप जिला निर्वाचन अधिकारी मेनका प्रधान, मुंगेली एआरओ श्रीमती पार्वती पटेल, लोरमी एआरओ गिरधारी लाल यादव सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।



# नाटू-नाटू गाने के कोरियोग्राफर को नहीं मिली पहचान...

**मुंबई।** एसएस राजामौली के डायरेक्शन में बनी राम चरण और जूनियर एनटीआर स्टारर फिल्म आरआरआर को दुनियाभर में पसंद किया गया। फिल्म के गाने नाटू- नाटू ने ऑस्कर अवार्ड अपने नाम किया। नाटू-नाटू गाने के म्यूजिक कंपोज़र एमएम कीरावानी को विश्व स्तर पर पहचान मिली। लेकिन इस गाने को कोरियोग्राफ करने वाले प्रेम रक्षित को दुनिया भूल गई। ये मुद्दा डांस कोरियोग्राफर रेमो डिसूजा और बोस्को मार्टिस ने उठाया है। दोनों कोरियोग्राफर्स के मुताबिक आरआरआर के गाने नाटू-नाटू गाने पर दुनिया ने डांस किया। आज भी बड़े सेलेब्रिटी डांस स्टेप सीख रहे हैं। लेकिन इस गाने को कोरियोग्राफ करने वाले प्रेम रक्षित को कोई पहचान नहीं मिली।

## लाइफ Style

# जोया
## अब दिखती है बेहद खूबसूरत

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

जोया ने मिस इंडिया इंटरनेशनल 2021 का खिताब जीता है। मूल रूप से लखनऊ की रहने वाली जोया ने अपनी कॉलेज की पढ़ाई पूरी करने के बाद मॉडलिंग शुरू की और आज वह टॉप मॉडल्स में शामिल हैं।

फिल्म 'हम साथ साथ हैं' में एक्ट्रेस नीलम की बेटी का किरदार निभाने वाली बच्ची तो आपको याद ही होगी। फिल्म में सलमान खान की भांजी के किरदार में नजर आई नन्ही सी बच्ची ने अपनी क्यूटनेस से फैंस को काफी इंप्रेस किया था। फिल्म रिलीज होने के सालों बाद भी लोगों को उस बच्ची का मासूम का चेहरा याद है, लेकिन आज अगर आप उस बच्ची को देखेंगे तो बिल्कुल भी पहचान नहीं पाएंगे। 'हम साथ साथ हैं' की वो बच्ची अब पूरी तरह बदल गई है और आज वह मॉडलिंग की दुनिया में काफी मशहूर है। 30 साल की हो चुकी जोया अफरोज अब हद से अधिक खूबसूरत और ग्लैमरस नजर आती हैं। जोया की लेटेस्ट फोटो देखने के बाद लोग उनकी तुलना बॉलीवुड एक्ट्रेस आलिया भट्ट से कर रहे हैं। जोया ने मिस इंडिया इंटरनेशनल 2021 का खिताब जीता है। मूल रूप से लखनऊ की रहने वाली जोया ने अपनी कॉलेज की पढ़ाई पूरी करने के बाद मॉडलिंग शुरू की और आज वह टॉप मॉडल्स में शामिल हैं। जोया ने चाइल्ड आर्टिस्ट के तौर पर फिल्म कहो ना प्यार है, मन, कुछ ना कहो जैसी फिल्मों में काम किया है। इसके साथ ही टीवी पर भी कई सीरियल्स में जोया को देखा गया था।



## हॉलीवुड मसाला




# खतरनाक बीमारी ने जकड़ा

**नई दिल्ली।** ग्लोबल आइकन प्रियंका चोपड़ा के पति और सिंगर निक जोनस चर्चा में हैं। निक अपने म्यूजिक कॉन्सर्ट्स को लेकर लाइमलाइट में बने रहते हैं। लेकिन अब उन्होंने अपने कुछ कॉन्सर्ट को पोस्टपोन कर दिया है। अमेरिकन सिंगर ने इसके लिए फैंस से माफी भी मांगी। उन्होंने इसके पीछे का कारण अपना खतरनाक वायरस के संक्रमण को बताया। उन्होंने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें फैंस से कॉन्सर्ट पोस्टपोन करने के लिए माफी मांगते नजर आ रहे हैं।



# बेयॉन्से का नाम होगा फ्रेंच डिक्शनरी में शामिल...

**नई दिल्ली।** बेयॉन्से संगीत की दुनिया के सबसे बड़े नामों में से एक नाम है। सिर्फ अमेरिका में ही नहीं, बल्कि पूरी दुनिया में करोड़ों लोग बेयॉन्से की आवाज के दीवाने हैं। इन दिनों गायिका का नाम काफी सुर्खियां बटोर रहा है। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो बेयॉन्से का नाम फ्रांसीसी इतिहास में अमर होने जा रहा है। बेयॉन्से का नाम फ्रांसीसी डिक्शनरी में शामिल किया जाएगा। बेयॉन्से ने संगीत की दुनिया को एक से बढ़कर एक हिट गाने दिए हैं। उन्होंने अब तक के अपने करियर में 32 'ग्रैमी अवॉर्ड्स' जीते हैं। जब भी उनका कोई गाना रिलीज होता है वह दुनिया भर में नंबर एक की लिस्ट पर कई सप्ताह तक राज करता है। बेयॉन्से के फैंस इन दिनों काफी उत्साहित नजर आ रहे हैं।



# एक्टर्स के बराबर काम फीस मिलती है कम

**नई दिल्ली।** लारा दत्ता ने कहा कि सिनेमा में एक महिला के तौर पर बहुत सारी समस्याओं का सामना करना पड़ता है, मगर इसमें सबसे बड़ी है फीस का भेदभाव। लारा ने ये भी कहा कि आज एक्टर्स पर एक खास तरीके से अच्छा दिखने का दबाव बहुत है। उन्होंने बताया कि इंडस्ट्री में फीस को लेकर चलने वाला ये भेदभाव एक पुरानी समस्या है। उन्होंने कहा कि जो बहुत लकी लीड एक्ट्रेस भी है उसे, अपने साथी मेल हीरो के मुकाबले बहुत कम फीस मिलती है। उन्होंने कहा 'हम इंडस्ट्री में अपने पुरुष साथियों से ज्यादा नहीं तो उनके बराबर तो मेहनत करते ही हैं, लेकिन अधिकतर महिलाओं को, अगर वो लकी हैं तो, मेल एक्टर की फीस का दसवां हिस्सा ही फीस में मिलता है।' 'ब्यूटी स्टैंडर्ड्स' जैसी बहुत सी चीजें बदली भी हैं, जिनसे एक्ट्रेसेज का करियर लंबा हो गया है।



# शरमिन को शादी के लिए किया था प्रपोज

**मुंबई।** संजय लीला भंसाली के डायरेक्शन में बनी वेबसीरीज हीरामंडी इस समय चर्चा का विषय बनी हुई है। इस सीरीज में डायरेक्टर की भांजी शरमिन सहगल ने आलमजेब का अहम किरदार निभाया है। अब एक्ट्रेस ने अपने हाल के इंटरव्यू में सलमान खान से जुड़ी मज़ेदार बातें बताई हैं। इस इंटरव्यू में शरमिन ने फिल्म हम दिल चुक सनम के सेट का एक किस्सा शेयर किया है। एक्ट्रेस ने बताया उस समय सलमान खान ने उन्हें शादी के प्रोपोज किया था। 1999 में आई सलमान खान, अजय देवगन और ऐश्वर्या राय स्टारर फिल्म हम दिल दे चुके सनम को ऑडियंस ने पसंद किया था। इस फिल्म को बनाने वाले डायरेक्टर संजय लीला भंसाली थे। ऐसे में चार साल की शरमिन अक्सर मामा से मिलने सेट पर पहुंच जाया करती थीं।

## टीवी मसाला



# अनुपमा को स्मृति ईरानी से लेनी चाहिए प्रेरणा...

**नई दिल्ली।** टीवी शो 'अनुपमा' के जरिए घर-घर में मशहूर अदाकारा रूपाली गांगुली ने राजनीतिक पारी शुरू कर दी है। वह भारतीय जनता पार्टी में शामिल हो गई हैं। अभिनेत्री के इस कदम ने उनके फैंस को काफी हैरान कर दिया है। हालांकि, सोशल मीडिया पर रूपाली को उनके फैंस का खूब प्यार और शुभकामनाएं मिल रही है। अब शो के निर्माता राजन शाही ने भी अभिनेत्री को ढेरों शुभकामनाएं दी है। राजन शाही ने रूपाली गांगुली को अभिनेत्री से नेता बनी स्मृति ईरानी द्वारा अपनाए गए रास्ते से प्रेरणा लेने के लिए भी प्रोत्साहित किया। राजन शाही ने कहा, 'मुझे इस बात पर बेहद गर्व है कि रूपाली बीजेपी में शामिल हुईं। वह बहुत मेहनती और समर्पित व्यक्ति हैं। वह एक अच्छी इंसान हैं और हमें सक्रिय राजनीति में उनके जैसे लोगों की जरूरत है। वह सच में कड़ी मेहनत करेंगी और अनुपमा के रूप में उनका जो प्रभाव है, वह इसका इस्तेमाल सबके फायदे के लिए करेंगी।' उन्होंने आगे कहा, 'स्मृति ईरानी ने पहले ही हम सभी को गौरवान्वित कर दिया है। जब वह भाजपा में शामिल हुईं तो उन्हें इससे प्रेरणा लेनी चाहिए। रूपाली अपने काम के प्रति बहुत पाबंद हैं इसलिए मुझे कोई समस्या नहीं दिखती।

## अंजलि को मिला सीता माता का रोल




**मुंबई।** लॉकअप में नजर आई सोशल मीडिया स्टार अंजलि अरोड़ा को उनके करियर की पहली फिल्म मिल गई है। एक्ट्रेस अब स्क्रीन पर सीता के किरदार में नज़र आएंगी। अंजलि को अभिषेक सिंह के डायरेक्शन में बन रही फिल्म श्री रामायण कथा में सीता के रोल के लिए अप्रोच किया गया था। एक्ट्रेस इस रोल को न नहीं कर पाई और अब स्क्रीन पर सीता के किरदार में नज़र आने को तैयार हैं। अंजलि अरोड़ा अपने डांस वीडियो कच्चा बादाम को लेकर मशहूर हुईं थीं। अब उन्हें रामायण में देखा जाएगा। उन्होंने बताया कि वो सीता के रोल को पाकर खुश और खुद को धन्य महसूस करती हैं। सीता एक ऐसा किरदार है जिसे कोई मना नहीं कर सकता है। अंजलि ने आगे बताया कि उन्हें खुद नहीं पता ये रोल उनकी झोली कैसे आ गिरा। इस बारे में जब उन्होंने डायरेक्टर अभिषेक से बात की तो पता चला कि सीता के लिए कुछ और एक्ट्रेसेज को शॉर्टलिस्ट किया गया था।

# नेटफ्लिक्स को कपिल शर्मा ने दिया 25 करोड़ का फटका



**मुंबई।** कपिल शर्मा का जादू ओटीटी पर कतई नहीं चल पाया है। नेटफ्लिक्स ने नए शो 'द ग्रेट इंडियन कपिल शर्मा को पहले एपिसोड के प्रसारण के पांच हफ्तों में ही बंद करने का फैसला किया है। शो के आखिरी एपिसोड की शूटिंग हो चुकी हैं । जानकारी के मुताबिक इन पांच एपिसोड में ही नेटफ्लिक्स ने कपिल शर्मा पर करीब 25 करोड़ रुपए बहा दिए हैं। कपिल शर्मा इन दिनों कलर्स टीवी के एक अंत्याक्षरी कार्यक्रम का मेजबान बनने की कोशिश में भी हैं, लेकिन उनकी घटती ब्रांड वैल्यू को देखते हुए इस कार्यक्रम के लिए प्रायोजक मिलने की बड़ी चुनौती सामने आ रही है। स्टैंडअप कॉमेडियन से शो होस्ट और फिर कार्यक्रम निर्माता बने कपिल शर्मा का ओटीटी गेम प्लान पूरा हो चुका है। उनके नए शो 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो'को नेटफ्लिक्स ने बंद करने का फैसला किया। ओटीटी के सूत्रों के मुताबिक इसका आखिरी एपिसोड शूट हो चुका है और उसके बाद ही शो के सेट को हटाना शुरू कर दिया गया। सूत्र बताते हैं कि इस शो के लिए कपिल शर्मा को करीब पांच करोड़ रुपए प्रति शो के हिसाब से भुगतान किया गया है।

## 40 साल में बनी 'मेगालोपोलिस' संकट में



**नई दिल्ली।** फ्रांस के शहर कान में सालाना फिल्म फेस्टिवल की तैयारियों जोरों पर हैं। इसके कंपटीशन सेक्शन में तमाम बड़ी फिल्मों के साथ एक फिल्म 'मेगालोपोलिस'भी है। ये फिल्म पहली बार साल 1979 में चर्चा में आई। फिल्म पर काम शुरू हुआ साल 1983 में और तब से 40 साल से ज्यादा बीतने को हैं। फिल्म पर अब तक हजार करोड़ रुपए से ज्यादा की रकम खुद इसके निर्देशक लगा चुके हैं। अब इसे दुनिया भर में वितरित करने के लिए 500 करोड़ रुपए से ज्यादा की रकम की और जरूरत है। और, पूरे मामले का दुखद पहलू ये है कि दुनिया की किसी भी बड़ी फिल्म वितरक कंपनी ने अभी तक इसे हाथ नहीं लगाया है। कालजयी फिल्मों में शुमार 'गॉडफादर' सीरीज और उसके बाद 'एपोकैलिप्स नाऊ' बनाने वाले निर्देशक फ्रांसिस फोर्ड कोपोला को पहले पहल साल 1979 में एक ऐसी कहानी का विचार आया।





# 'भैया जी' 24 मई को होगी रिलीज...

*नई दिल्ली। इंडस्ट्री के मशहूर अभिनेताओं में से एक मनोज बाजपेयी 'भैया जी' नाम की फिल्म से एक बार फिर दर्शकों को अपनी अदाकारी का जलवा दिखाने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। अभिनेता इन दिनों फिल्म की तैयारियों में जुटे हुए हैं। अपूर्व सिंह कार्की के निर्देशन में बनी इस फिल्म का हाल ही में टीजर रिलीज किया गया था, जिसमें अभिनेता एक्शन अवतार में दिखाई दे रहे थे। पोस्टर में मनोज काफी खूंखार अवतार में दिखाई दे रहे हैं। फिल्म का नया पोस्टर मनोज बाजपेयी ने अपने एक्स हैंडल पर साझा किया है। उन्होंने पोस्टर साझा करते हुए लिखा, 'आ रहा है रॉबिन हुड का बाप! मिलिए भैयाजी से, 24 मई से आपकी नजदीकी सिनेमाघरों में।'*

# शशि कपूर की गांववालों ने पकड़ ली थी कॉलर, बेटे को था पीटा

## को-स्टार को दी थी सिर काटने की धमकी



**मुंबई।** शेखर सुमन ने एक पॉडकास्ट में बताया कि कैसे एक बार वो, शशि कपूर और कुछ एक्टर्स बेंगलुरू से वापस आ रहे थे। उस वक्त एक हादसा हो गया था और गांववालों ने शशि कपूर का कॉलर पकड़ लिया था। उन्होंने बताया कि एक बार वो फिल्म उत्सव की कास्ट के कुछ एक्टर्स के साथ बेंगलुरू से वापस आ रहे थे। उस वक्त एक सड़क हादसा हो गया था, जिसके बाद गुस्साए गांववालों ने शशि कपूर का कॉलर पकड़ लिया था, उनके बेटे की पिटाई की थी और कार की विंडशील्ड तोड़ दी थी। उन्होंने बताया, 'शशि कपूर, अनुराधा पटेल, मैं और शशि कपूर के बेटे कुनाल कपूर बेंगलुरू से फ्लाइट पकड़ने के लिए वापस आ रहे थे। हम एम्बेसडर कार में थे। रास्ते में एक जगह हमारी गाड़ी से एक आदमी टकरा गया। वो आदमी उड़ता हुआ गिरा, उसके बाद गांववाले आए और हम सबको मारने लगे। गुस्साए गांववालों ने गाड़ी का विंडशील्ड तोड़ दिया था, शशि कपूर की कॉलर पकड़ ली थी और उनके बेटे को मारने लगे थे।' शेखर सुमन ने बताया हमारे साथ एक और एक्टर थे राजेश, जो अब नहीं रहे, लोगों ने उनकों बालों से पकड़ लिया था और कहा था 'हम तुम्हारा सिर काटने जा रहे हैं।' इसके बाद एक्टर ने बताया कि जो आदमी गाड़ी से टकराया था वो एक पेड़ के नीचे बैठकर चाय पीते हुए मुस्कुरा रहा था। उन्होंने कहा कि मुझे नहीं पता कि वो अपनी लोकल भाषा में क्या बड़बड़ा रहा था, लेकिन वो बहुत ही डरावना था।

# 'कृष 4' में सुपरहीरो बनकर वापसी करेंगे ऋतिक रोशन




**नई दिल्ली।** ऋतिक रोशन की फिल्म 'कृष 3' के बाद से ही फैंस 'कृष 4' का इंतजार कर रहे हैं। फिल्म को लेकर लगातार अपडेट आते रहते है और फैंस ऋतिक को कृष के रोल में देखने के लिए बेताब हैं। फिल्म निर्माता सिद्धार्थ आनंद ने फिल्म को लेकर खुशखबरी दी है। ऋतिक रोशन 'कृष 4' में सुपरहीरो बनकर वापसी करेंगे। बता दें कि 'कोई मिल गया'सबसे पहले आया था, फिर कृष, कृष 3 सिनेमाघरों में आया था. सारी फिल्मों को दर्शकों ने काफी पसंद किया था। कुछ समय पहले सोशल मीडिया पर ऐसी खबरें आ रही थी कि कृष 4 को राकेश रोशन नहीं सिद्धार्थ आनंद डायरेक्ट करने वाले हैं। अब ये बात कन्फर्म हो गई है। सिद्धार्थ के साथ ऋतिक पहले भी काम कर चुके हैं, फाइटर और वॉर में। वहीं, सिद्धार्थ की मूवी पठान ने बॉक्स ऑफिस पर सुपरहिट रही थी।

## खबर संक्षेप

### खाने पर नहीं बुलाने पर चाकू से हमला

**बिलासपुर।** शादी में खाने के लिए नहीं बुलाने पर चचेरे भाई के साथ मारपीट कर चाकू से जान लेवा हमला कर दिया गया। पुलिस ने हमलावर युवक को गिरफ्तार कर लिया है। मस्तूरी टीआई रविन्द्र अनंत ने बताया, मल्हार क्षेत्र के बुढ़ीखार निवासी लव कुमार के घर में शादी का कार्यक्रम चल रहा था। शनिवार को शादी करने के बाद बारात घर लौटी थी। इसी दौरान बड़े पिता का लड़का विजय मिर्री उनके घर आया और शादी में खाने के लिए नहीं बुलाए हो कहकर लव कुमार मिरी के साथ मारपीट करते हुए चाकू से जान लेवा हमला कर दिया, जिससे शादी घर में हड़कंप मच गया। घायल युवक को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने धारा 307 के तहत हमलावर विजय मिर्री को गिरफ्तार कर लिया है।

### घर में युवती के साथ मिला युवक, गिरफ्तार

**बिलासपुर।** लोगों ने मकान में युवक युवती को संदिग्ध अवस्था में पकड़कर पुलिस को सौंप दिया। पुलिस ने युवक को गिरफ्तार कर युवती को समझाइश देकर परिजन के हवाले कर दिया है। तारबाहर पुलिस के अनुसार, विनोबानगर में रहने वाले लोगों ने एक युवक व युवती के घर में संदिग्ध रूप से रहने की सूचना दी। पुलिस ने मौके पर दबिश देकर पंडरिया निवासी सोहेल खान व एक युवती को पकड़कर थाने ले गए। पुलिस ने परिजन को तलब कर समझाइश देकर युवती को छोड़ दिया। युवक के खिलाफ प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई है।

### तलवार लहराने वाला बदमाश गिरफ्तार

**बिलासपुर।** तलवार अशांति फैलाने वाले बदमाश युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। चकरभाठा टीआई दोमोदर मिश्रा को सूचना मिली चकरभाठा ओवरब्रिज के पास एक युवक हाथ में तलवार रखकर आने जाने वाले लोगों को डरा धमका रहा है। पुलिस ने मौके पर दबिश देकर चकरभाठा केम्प निवासी सिद्धार्थ पोर्ते पिता सहदेव पोर्ते 20 साल को तलवार सहित पकड़ लिया है। पुलिस ने 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत तलवार जब्त कर उसे गिरफ्तार कर लिया है।

### झांसा देकर छात्रा से अनाचार

**बिलासपुर।** कालेज तक छोड़ देने का झांसा देकर एक छात्रा से अनाचार करने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। चकरभाठा पुलिस के अनुसार, 5 मई की सुबह क्षेत्र की रहने वाली एक छात्रा अपने भाई के साथ बीएएसी प्रथम वर्ष की परीक्षा देने जाने के लिए चकरभाठा कैम्प अमित मेडिकल तक आई। उसी समय चकरभाठा वार्ड क्रमांक 1 निवासी दीपक कौशिक पिता मेलउराम कौशिक 24 साल आया और उसे कालेज छोड़ देने की बात कहकर छात्रा को बाइक में बैठाकर चकरभाठा बस्ती ले जाकर उसके साथ जबरदस्ती करते हुए शारीरिक संबंध बनाया। पुलिस ने पीड़ित छात्रा की रिपोर्ट पर धारा 376 के तहत युवक को गिरफ्तार कर लिया गया है।

**सिम्स में गर्मी की मार:** अधिकारियों को नहीं है मरीजों से कोई सरोकार

# प्रसूताओं को नहीं मिल रही सुविधा, ठंडी हवा के लिए घर से लाना पड़ रहा कूलर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

सिम्स में गर्मी को लेकर किए गए प्रयास मरीजों को चिढ़ा रहे हैं। 43 डिग्री तापमान में भी सिम्स के वार्ड और ओपीडी में लोगों को पसीना बहना पड़ रहा है। जिसे देखने वाला कोई नहीं है। वहीं प्रबंधन ने कूलर और एसी लगाकर अपनी जिम्मेदारी पूरी समझ ली है लेकिन कर्मचारियों की लापरवाही और अव्यवस्था के कारण इससे मरीजों का फायदा नहीं पहुंच रहा है।

■ वार्ड में लगे ज्यादातर कूलरों में पानी ही नहीं

बिलासपुर का तापमान 43 डिग्री पर जा पहुंचा है ऐसे में हर आम और खास को गर्मी का प्रकोप सहना पड़ रहा है, लेकिन सिम्स में भर्ती मरीजों की हालत ज्यादा ही खराब है। जहां बीमारी की वजह से उन्हें तकलीफ सहनी पड़ रही है, वहीं दूसरी ओर प्रबंधन की लापरवाही का खामियाजा भी भुगतना पड़ रहा है। सिम्स में मेल और फीमेल सर्जिकल वार्ड में रविवार को मरीजों की हालत खराब रही, 43 डिग्री तापमान चढ़ते ही मरीजों को गर्मी से राहत पाने के लिए काफी जतन करने पड़, लेकिन इस दौरान वार्ड में लगे कूलर महज दिखावे के लिए ही चालू रहा, इसमें पानी नहीं होने के कारण पूरे वार्ड में उमस और गर्मी रही। इससे खराब हालत प्रसुता वार्ड में रही, जहां गर्भवती महिलाएं और नवजात बच्चों को गर्मी की मार झेलनी पड़ रही है। वार्ड में कूलर तक नहीं है, जिससे मरीजों की हालत खराब हो रही है, वहीं गर्मी के कारण उन्हें अन्य बीमारी होने का खतरा भी बना हुआ है।



सिम्स में कूलर बंद होने से भर्ती मरीज भीषण गर्मी से हो रहे परेशान।

## कैंसर के मरीज ने लगाया कूलर



बताया जा रहा है कि फिमेल सर्जिकल वार्ड में गर्मी से तंग आकर मरीज ने स्वयं के पैसे ही कूलर लगा लिया है। कैंसर से पीड़ित सायरा बानो सिम्स में दो माह से भर्ती हैं, उन्हें पहले दूसरे वार्ड में रखा गया था, लेकिन तकलीफ बढ़ने के बाद उन्हें फिमेल सर्जिकल वार्ड में शिफ्ट कर दिया गया है, लेकिन इस वार्ड में गर्मी के कारण उनकी तबीयत और भी बिगड़ रही है, ऐसे में गर्मी से राहत पाने के लिए उन्होंने स्वयं के पैसे से कूलर लगा लिया है। जिसके बाद उनकी हालत में सुधार भी हो रहा है।

### स्टाफ की कमी, व्यवस्था तक नहीं

संभाग के सबसे बड़े अस्पताल में 8 सौ से अधिक मरीज भर्ती रहते हैं, लेकिन इन मरीजों को सही इलाज देने में प्रबंधन फेल हो जा रहा है। खास बात यह है कि सिम्स के पास पर्याप्त स्टाफ नहीं है। जिसके चलते लाखों करोड़ों रूपए खर्च करने के बाद भी मरीजों को सहुलियत नहीं मिल रही है। कूलर में पानी डालने के लिए स्टाफ नहीं है, वहीं जहां स्टाफ मौजूद है, वहां व्यवस्था नहीं है। ऐसे में मरीजों का खासी दिक्कतों का सामना करना पड़



वार्ड का बंद कूलर।

### रोज पानी डालने कहा गया है

कर्मचारियों को नियमित पानी डालने को कहा गया है, अगर कहीं समस्या है तो उसे दूरुस्त कर लिया जाएगा।

**-डॉ सुजीत नायक**
अधीक्षक, सिम्स

**मालखाना इंचार्ज खुदकुशी का मामला**

# एडीशनल एसपी कश्यप सीएसपी बघेल करेंगे जांच

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

एसपी ने सरकण्डा थाना के मालखाना इंचार्ज प्रधान आरक्षक की खुदकुशी करने के मामले में परिजन के आरोप को गंभीरता से लेते हुए एडीशनल एसपी व सीएसपी को मामले की जांच कर रिपोर्ट पेश करने का आदेश दिया है।

एसपी रजनेश सिंह ने सरकण्डा थाना के मालखाना इंचार्ज प्रधान आरक्षक लखन सिंह मरावी 53 साल के फांसी लगाकर खुदकुशी करने के मामले को गंभीरता से लिया है।

■ एसपी ने जारी किया आदेश

उन्होंने एडीशनल एसपी शहर उमेश कश्यप के नेतृत्व में सीएसपी सिद्धार्थ बघेल को जांच करने करने व प्रगति रिपोर्ट पेश करने का आदेश जारी किया है। अब मामले की जांच एएसपी व सीएसपी के द्वारा की जाएगी। ज्ञात हो कि 3 मई की सुबह सरकण्डा थाना के मालखाना का इंचार्ज प्रधान आरक्षक लखन सिंह मरावी 53 साल की मोपका स्थित घर के पीछे पेड़ में फांसी पर लटकी लाश मिली थी।

बताया जाता है 2 मई की रात श्री मरावी ड्यूटी करने के बाद घर लौटे और रात 12 बजे बाहर निकल गए थे। परिजन ने आरोप लगाया थाने में काम करने का दबाव बनाया जा रहा था, जिससे वे परेशान थे। 2 मई को कोर्ट से मालखाना की जानकारी संबंधी बात को लेकर मृतक श्री मरावी व थाना प्रभारी प्रशिक्षु डीएसपी रोशन आहूजा के बीच जमकर कहासुनी हुई थी। बताया जाता है मृतक श्री मरावी की विभाग में छबि साफ सुधरी थी और वे स्वभाव से बहुत अच्छे थे। ऐसे में सवाल यह उठ रहा कि आखिरकार वह खुदकुशी करने के लिए क्यों मजबूर हो गए।

### सर्व आदिवासी समाज ने की एफआईआर करने की मांग

सर्व आदिवासी समाज के प्रदेश अध्यक्ष सुभाष परते ने विज्ञप्ति जारी करते हुए कहा है सरकण्डा थाना के आदिवासी प्रधान आरक्षक के खुदकुशी करने के मामले में संबंधित अधिकारी को उच्च अधिकारियों को बचाए जाने व संरक्षण देने से समाज में आक्रोश का महौल है। किसी अधिकारी द्वारा इतना प्रताड़ित करना जिससे कोई अपना जान देने पर आतुर हो जाए। यह गंभीर मुद्दा है इस प्रकरण में त्वरित संबंधित अधिकारी को निलंबित कर एफआईआर दर्ज करने की मांग की है। संगठन जल्द मुख्यमंत्री, गृहमंत्री, उच्च अधिकारियों से भेंटकर ज्ञापन सौंपेगें। पीड़ित परिवार को 15 दिन के अंदर उक्त विषय पर कोई कार्रवाई नहीं होने पर समाज के द्वारा एसपी आफिस का घेराव कर आंदोलन करने की चेतावनी दी गई है।

## वाटरपार्क के लाकर से जेल अधीक्षक, आरआई की पत्नी के दो आईफोन व नकदी पार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

वाटरपार्क के लाकर से जेल अधीक्षक व आरआई की पत्नी के दो आई फोन व नकद पार हो गए। सिरगिट्टी व एसीसीयू टीम वाटरपार्क में सीसीटीवी फुटेज खंगालने में लगी हुई है। देर रात तक चोरी करने वाला नहीं पकड़ा गया था।

■ पुलिस कर रही चोरों की पतासाजी

रविवार को दोपहर 12 बजे जेल अधीक्षक खोमेश मंडावी व आरआई भूपेन्द्र गुप्ता की पत्नी बच्चों के साथ बबल आईलैड वाटरपार्क गई थीं। दोनों परिवार के लोगों ने लाकर में अपना सामान रखा था। शाम को लाकर खोलकर देखे तो श्रीमती मंडावी व श्रीमती गुप्ता के कीमती दो आईफोन व नकद रकम पर्स से चोरी हो गए थे। दोनों ने घटना की जानकारी अपने अपने पति को दी। उसके बाद श्री मंडावी व श्री गुप्ता ने फोन पर सिरगिट्टी पुलिस को लाकर से मोबाइल चोरी होने की सूचना दी। सिरगिट्टी पुलिस व एसीसीयू टीम ने वाटरपार्क पहुंचकर कर्मचारियों से पूछताछ की, किन्तु सभी ने अनभिज्ञता जाहिर की। पुलिस सीसीटीवी फुटेज खंगालने में लगी हुई है। सिरगिट्टी टीआई भारती मरकाम ने बताया, फोन में वाटरपार्क के लाकर से मोबाइल चोरी होने की सूचना दी गई है। चोरों की पतासाजी की जा रही है।

## पत्नी का हाथ पकड़ने पर पति ने चौकीदार की चापड़ से हत्या कर जला दी थी लाश, गिरफ्तार

**बिलासपुर।** गांव में 10 दिन कैम्प करने के बाद फार्महाउस में चौकीदार की हत्या कर लाश जला देने के अंधे कत्ल की गुत्थी सुलझाने में पुलिस को बड़ी सफलता मिल गई है। पत्नी का हाथ पकड़कर छेड़खानी करने पर पति ने नशे में सो रहे फार्म हाउस के चौकीदार की चापड़ से ताबड़तोड़ हमला कर हत्या की। उसके बाद डीजल से आग लगाकर लाश को जला दिया था। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

एसपी रजनेश सिंह ने मामले का खुलासा करते हुए बताया, 21 अप्रैल को ग्राम बेलटुकरी स्थित ओंकार फार्महाउस में चौकीदार रामफल यादव पिता स्व. लखन यादव 48 साल की चार पहिया में जली हुई लाश मिली थी। उसके शरीर पर धारदार हथियार से हमले के निशान मिले थे। पुलिस अधिकारी, फोरेसिंक टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण किया गया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हत्या करने के बाद लाश जला देने की पुष्टि की गई। एसपी श्री सिंह ने राजपत्रि अधिकारियों को जांच कर आरोपी को पकड़े का निर्देश दिया गया। एडीशनल एसपी अर्चना झा, कोटा एसडीओपी नुपूर उपाध्याय के नेतृत्व में टीम बनाकर गांव में कैम्प कर मामले की जांच में जुट गए। जांच के दौरान फार्महाउस से 400 मीटर दूरी पर घोंघाडीह निवासी भगेला केंवट पिता स्व. बहोरन केंवट 59 साल का घर था। वह अपनी पत्नी बेटा बहू के साथ रह रहा था। सघन जांच के बाद भगेला केंवट को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई और कड़ाई बरतने पर उसने चौकीदार की हत्या करना स्वीकार कर लिया। पुलिस के अनुसार, मृतक चौकीदार का उसके घर में आना जाना था और उसकी पत्नी के साथ बातचीत करता था। घटना के दिन उसने चौकीदार को पत्नी का हाथ पकड़ते देख लिया। इससे उसने योजना बनाकर रात 12 बजे घर से चापड़ व डीजल लेकर फार्महाउस गया। चौकीदार अपने रूम पर नशे में सो रहा था। उसने चापड़ से उसके गले में चार बार, पेट, हाथ में हमलाकर मौत के घाट उतार दिया। उसके बाद उसके शरीर में पैरा रखकर डीजल डालकर जला कर भागकर अपने घर में आकर सो गया था। पुलिस ने धारा 302, 201 के तहत उसे गिरफ्तार कर लिया है।



■ 10 दिन बाद सुलझी अंधे कत्ल की गुत्थी

### ऐसे मिली सफलता

मृतक मोबाइल का उपयोग नहीं करता था। वहीं गांव में सीसीटीवी कैमरे नहीं लगे थे। इससे पुलिस की परेशानी बढ़ गई थी। जांच में जुटी पुलिस टीम लगातार संदेहियों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही थी, किन्तु सफलता नहीं मिल रही थी। फार्महाउस के करीब आरोपी भगेला केंवट का घर था। पुलिस ने पहले उसके बेटे को हिरासत में लेकर पूछताछ की, नहीं बताने पर उसकी पत्नी से पूछताछ की। काफी पूछताछ के बाद उसने कहा उसकी सास ने कसम दी है, किसी को कुछ नहीं बताना है। उसके बाद उसकी सास को हिरासत में लेकर कड़ाई बरती गई, तब उसने बताई घटना के दिन रात को 12 बजे उसका पति भगेला घर से निकला था। एक घण्टे बाद वह घर लौटा और मुंह हाथ धोने के बाद सोया था। उसके बाद पुलिस ने भगेला से पूछताछ किया तो उसने हत्या करना स्वीकार कर लिया।

### एसपी ने दी शाबाशी

एसपी श्री सिंह ने 10 गांव में कैम्प कर अंधे कत्ली की गुत्थी सुलझाने पर टीम में शामिल कोटा टीआई रजनीश सिंह, एसीसीयू टीआई राजेश मिश्रा, प्रधान आरक्षक देवमुन पुहुप, तरूण केशरवानी, वीरेन्द्र गंधर्व, रविंद्र मिश्रा, भोप साहू, खेमंत पाल की सराहना करते हुए शाबाशी दी है।

## शहर में रहकर गांजा बेचने वाले दो छात्र पकड़े गए

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

शहर में किराए के मकान में रहकर पढ़ाई करने वाले दो छात्र ओडिशा से गांजा लाकर बेचने के लिए घर में रखे हुए थे। पुलिस ने भारी मात्रा में गांजा सहित दोनों छात्रों को हिरासत में ले लिया है। बहरहाल पुलिस दोनों छात्रों से पूछताछ कर रही है।

एसपी रजनेश सिंह ने थानेदारों को नशे के खिलाफ सख्ती से कार्रवाई करने का आदेश दिया है। थानेदारों के निर्देश पर अमला नशे के कारोबार करने वालों की पतासाजी कर रहा है। पतासाजी के दौरान पुलिस को सूचना मिली देवरीडीह क्षेत्र में किराए के मकान में रहने वाले दो युवक ओडिशा से गांजा लाकर बेचने की फिराक में हैं। पुलिस टीम ने देवरीडीह में दबिश देकर दोनों युवकों को पकड़कर घर की तलाशी ली, वहां करीब 50 किलो गांजा मिला है।



■ ओडिशा से गांजा लेकर शहर में करते थे बिक्री

पुलिस गांजा सहित दोनों युवकों को हिरासत में ले लिया है। बताया जाता है दोनों युवक यहां किराए के मकान में रहकर पढ़ाई कर रहे हैं। इसके साथ ही ओडिशा से गांजा लाकर बेचने का काम कर रहे थे। बहरहाल गांजा तस्करों के पकड़े जाने की अधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है। सोमवार को मामले की खुलासा होने की संभावना है।

online Booking:-www.tripuryatra.com



सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 20,500/-

चार धाम यात्रा

श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश

By Train-रिजर्वेशन कोच

20 मई से 02 जून 2024, 24 मई से 06 जून 2024, 26 मई से 08 जून 2024, 29 मई से 11 जून 2024
05 जून से 18 जून 2024

राशि:-स्लीपर-20,500/-, 3 एसी- 29,500/-, 2 एसी- 34,500/- (+5%GST)

Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति

RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road

संपर्क करें:-7354-411411

भारतीय जनता पार्टी
लोकसभा बिलासपुर



अपील

भाई बहिनी अऊ संगी मन ला जय जोहार

हमारा भारत देश विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र है। आने वाले 7 मई को दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र के इस महापर्व में हम सबको हिस्सा बनने का मौक़ा मिल रहा है। मेरा निवेदन है कि आप अपने मताधिकार का प्रयोग ज़रूर करें।

देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में हमने देश को बदलते देखा है। देश को अपना परिवार मानने वाले मोदीजी ने कई कल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से देश के 140 करोड़ देशवासियों के उत्थान के लिए निरंतर कार्य किया है।भारत देश को 70 साल तक जिन मूलभूत सुविधाओं के लिए संघर्ष करना पड़ा, मोदी जी ने 10 वर्षों में उन ज़रूरतों को पूरा किया। जहां एक सशक्त नेतृत्व की आवश्यकता थी वहाँ मोदी जी ने अपने दृढ़निश्चय का परिचय दिया और 370 जैसे काले क़ानून को निरस्त किया। सदियों से रामलला के इंतज़ार में बैठे देशवासियों को अयोध्या में भव्य राम मंदिर की सौग़ात दी। भारत को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मज़बूती प्रदान की। अब सीमा पर घुसपैठ करने वालों को पता है कि ये भारत देश अब आतंकवाद सहता नहीं है, दोगुनी ताक़त से प्रहार करता है।

इस देश ने कई वर्षों तक झूठे और खोखले वादों को देखा, मगर आज गारंटी का दौर है। मोदी की गारंटी का। छत्तीसगढ़ में महतारी वंदन योजना के तहत तीन किस्त महिलाओं के बैंक खातों में पहुँच चुकी है। 90 दिन के कम अंतराल में ही विष्णु देव साय जी के कुशल नेतृत्व में प्रदेश की भाजपा सरकार ने सारी गारंटियों को घर घर तक पहुँचाने का काम किया है।

लोकसभा चुनाव के प्रचार के दौरान मैंने कोशिश की है कि ज्यादा से ज्यादा लोगों से मिल सकूं, उनकी बातों को सुन सकूँ और अपना संदेश उन तक पहुँचा सकूँ ।मगर सबसे मिल पाना संभव ना था। मैं जिन साथियों से नहीं मिल सका, उनसे निवेदन है कि इस संदेश को मेरा आप तक पहुँचने का एक प्रयास समझें।
मैं आप सब से अपील करना चाहता हूं कि आपका वोट सिर्फ़ किसी को जिताने या हराने के लिए नहीं है। आपका वोट आज के भारत को "विकसित भारत" बनाने के लिए है।

आपका स्नेह और आशीर्वाद मुझे मिले, आप सब लोगों की सेवा का सौभाग्य मुझे प्राप्त हो, मैं प्रभु श्री राम के श्री चरणों में ये विनती करता हूँ।

फिर एक बार मेरा निवेदन हैं कि आप मतदान करने ज़रूर जायें और बिलासपुर लोकसभा क्षेत्र के नवनिर्माण के लिए मुझे सेवा का अवसर दें।

धन्यवाद

फिर एक बार मोदी सरकार

मतदान की तिथि- 07 मई, 2024 | दिन- मंगलवार
मतदान का समय -सुबह 07 बजे से शाम 6 बजे तक



सदैव आपका अपना
तोखन साहू
भाजपा प्रत्याशी, बिलासपुर लोकसभा